www.tamsasanket.com
वर्ष: 30|| अंक 07 ||अम्बेडकरनगर
रविवार
29 मार्च 2026 ||पृष्ठ: 08 ||मूल्य: ₹ 2
75 आज़ादी का अमृत महोत्सव
समूह संपादक- डॉ. ओ.पी. मिश्रा
https://epaper.tamsasanket.com

# दैनिक तमसा संकेत

अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित
» डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

**मौसम**
सूर्योदय: 06:02
सूर्यास्त: 06:21
अधिकतम: 35°00
न्यूनतम: 23°00



» पेज 07

विशेष समाचार: चिकित्सा मित्रों के बारे में भी... » पेज 04 | कानपुर-कौशांबी में हाईवे पर... » पेज 06 | अनीत पड्डा की बहन रीत ने ...

## 'नया उत्तर प्रदेश' आज प्रगति की एक नई उड़ान भरते हुए उद्घोष कर रहा : योगी

# जेवर एयरपोर्ट बनकर तैयार

### मोदी ने देश के सबसे बड़े एयरपोर्ट का उद्घाटन किया, नोएडा में बोले- युद्ध के संकट से देश को एकजुट होकर लड़ना है



- पश्चिमी एशिया में युद्ध से उपजे संकट का पूरी ताकत से सामना कर रहे
- विकसित यूपी की उड़ान का प्रतीक बनेगा एयरपोर्ट
- विकसित यूपी-विकसित भारत अभियान का नया अध्याय शुरू - पीएम मोदी

**उद्घाटन**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

नोएडा । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को यूपी के जेवर में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के फेज-1 का उद्घाटन किया। यह अभी देश का सबसे बड़ा और एशिया का दूसरा सबसे बड़ा एयरपोर्ट है। 4 फेज पूरे होने पर एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट हो जाएगा। पीएम ने जनसभा को संबोधित करते हुए लोगों से इजराइल-अमेरिका और ईरान की जंग से उपजे संकट से एकजुट होकर लड़ने की अपील की। उन्होंने कहा- कल सभी राज्यों के सीएम से चर्चा हुई।

» (शेष पेज 06 पर)

**नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट 52 स्क्वायर किमी में बनना प्रस्तावित है। पूरा बनने की डेडलाइन 2040 है।**

### पीएम मोदी की लोगों से अपील- वैश्विक संकट का मिलकर सामना करें

पीएम मोदी ने कहा कि विकसित भारत बनाने के लिए सबका प्रयास बहुत जरूरी है। ये आवश्यक है कि 140 करोड़ देशवासी कड़े से कड़ा परिश्रम करें और वैश्विक संकट का मिलकर सामना करें। युद्ध हो रहा है। इसका सामना कैसे करें ये संसद में बताया है। देश के सभी सीएम से हमारी चर्चा हुई है। देशवासियों से कहूंगा कि शांत मन से धैर्य के साथ एकजुटता के साथ मिलजुलकर इस संकट का सामना करना है। ये विश्व को परेशान करने वाला संकट है। हमें अपने देश की सबसे ज्यादा चिंता करनी है। यही हम भारतीयों की सबसे बड़ी ताकत है।





### हमारी सरकार की प्राथमिकता देश के नागरिकों की सुविधा

पीएम मोदी ने कहा कि हमारे देश में एयरपोर्ट पर मेंटेनेंस की सुविधा नहीं है। 85 प्रतिशत हवाई जहाजों को मेंटेनेंस और मरम्मत के लिए विदेश भेजना पड़ता है। हमारी सरकार ने ठाना है कि इस क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनाएंगे। बड़े पैमाने पर एमआरओ सुविधा बढ़ाई जा रही है। जेवर पर भी ये सुविधा शुरू की जा रही है। इससे देश की कमाई बढ़ेगी। युवाओं को रोजगार भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार की प्राथमिकता देश के नागरिकों की सुविधा है। देश के नागरिकों का समय बचे और जेब पर ज्यादा बोझ भी न पड़े, ये हमारा लक्ष्य है। दिल्ली-मेरठ नमो भारत ट्रेन का बड़ा फायदा हो रहा है। अब तक ढाई करोड़ लोग सफर कर चुके हैं। पहले घंटों का समय लग जाता था, अब वो सफर मिनटों में पूरा हो रहा है।





**मोदी बोले-यूपी के पुराने सीएम नोएडा आने से डरते थे, मुझे भी डराने की कोशिश हुई, कहा था- अभी-अभी पीएम बने हैं, मत आइए**

### पीएम मोदी विपक्ष के लिए बोले- ऐसी बातें करने से बचें, जो देश के लिए नुकसानदायक

पीएम मोदी ने कहा कि देश के सभी राजनीतिक दलों से आग्रहपूर्वक कहना चाहता हूं कि इस प्रकार के संकट में ऐसी बातें करने से बचें, जो देश के लिए नुकसानदायक हैं। उन्होंने कहा कि जो भारतीयों के हक में है, हित में है, वहीं भारत सरकार की नीति और रणनीति है। » (शेष पेज 06 पर)

> "पश्चिम एशिया में युद्ध चल रहा है। इसके चलते कई देशों में संकट पैदा हो गया है। भारत बड़ी मात्रा में कच्चा तेल और गैस युद्ध-प्रभावित क्षेत्रों से मंगाता है। इसलिए सरकार हर वह कदम उठा रही है, जिससे सामान्य परिवारों और किसानों पर बोझ न पड़े। 140 करोड़ देशवासी इस मुसीबत का एकजुट होकर सामना करें - पीएम मोदी

### एयरपोर्ट 2040 तक पूरा बनकर तैयार होगा

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट 52 स्क्वायर किमी में बनना प्रस्तावित है। पूरा बनने की डेडलाइन 2040 है। नोएडा एयरपोर्ट अथॉरिटी से जुड़े अफसरों ने बताया- एयरपोर्ट से फ्लाइट मई से शुरू हो सकती है।

एयरपोर्ट की सबसे बड़ी खूबी यह है कि एंट्री के बाद 20 मिनट से कम समय में बोर्डिंग संभव है। एशिया की सबसे बड़े एयरपोर्ट की बात करें तो अभी चीन का बीजिंग डेक्सिंग इंटरनेशनल एयरपोर्ट है। इसका एरिया 47 स्क्वायर किमी है। नोएडा को पहले अंधविश्वास के कारण अपने हाल पर छोड़ दिया गया था।

» (शेष पेज 06 पर)

### 2014 से पहले देश में 74 एयरपोर्ट थे, आज 160 हैं : मोदी

पीएम मोदी ने कहा- किसी भी देश में एयरपोर्ट सिर्फ एक संचालन की सुविधा नहीं होती। ये एयरपोर्ट प्रगति को उड़ान देते हैं। 74 एयरपोर्ट 2014 से पहले देश में थे। आज 160 एयरपोर्ट हैं। आज महानगरों के साथ छोटे शहरों में हवाई कनेक्टिविटी पहुंच रही है। पहले की सरकार मानती थी कि हवाई यात्रा अमीरों के लिए ही होनी चाहिए। लेकिन, भाजपा की सरकार ने सामान्य लोगों के लिए हवाई यात्रा को आसान बना दिया है।

**यह विश्वस्तरीय एयरपोर्ट न केवल उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाई तक ले जाने का आधार बनेगा बल्कि निवेश, व्यापार और औद्योगिक विकास को गति देते हुए लाखों युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित करेगा।**
**- सीएम योगी**

### गोवा सेक्स स्कैंडल में 100 से भी ज्यादा नाबालिग पीड़ित : कांग्रेस

पणजी । गोवा में नाबालिग लड़कियों से दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार भाजपा पार्षद के बेटे को लेकर कांग्रेस ने नए दावे किए हैं। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अमित पाटकर ने आरोप लगाया कि इस सेक्स स्कैंडल में 100 से ज्यादा नाबालिग लड़कियां पीड़ित हैं। साउथ गोवा के कर्चोरेम म्युनिसिपल काउंसिल के सदस्य सुशांत नाइक के 20 साल के बेटे सोहम पर नाबालिग लड़कियों से दुष्कर्म, अश्लील वीडियो बनाने और उन्हें फैलाने का आरोप है।

पुलिस ने अब तक सोहम के खिलाफ तीन शिकायतों की पुष्टि की है। सोहम के खिलाफ पॉक्सो एक्ट, गोवा चिल्ड्रन एक्ट, भारतीय न्याय संहिता और आईटी एक्ट के तहत चार मामले दर्ज किए गए हैं। गोवा प्रदेश महिला कांग्रेस के प्रोटेस्ट मार्च के दौरान अमित पाटकर ने कहा कि यह मामला जितना सामने आया है, उससे कहीं बड़ा हो सकता है।

### बेंगलुरु में प्रोफेसर ने स्टूडेंट को आतंकी कहा, सस्पेंड

बेंगलुरु। कर्नाटक के बेंगलुरु में निजी यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर के खिलाफ स्टूडेंट को आतंकी कहने पर शनिवार को केस दर्ज हुआ। यूनिवर्सिटी ने प्रोफेसर को सस्पेंड कर दिया है। घटना का 58 सेकेंड का वीडियो वायरल है।

न्यूज एजेंसी PTI के मुताबिक, पुलिस ने मामले पर खुद से नोटिस लिया। घटना 24 मार्च की है।

एफआईआर के मुताबिक, विशेष समुदाय के छात्र ने प्रोफेसर से क्लास से बाहर जाने की परमिशन मांगी। इस पर प्रोफेसर को गुस्सा आ गया। उन्होंने कहा- शर्म नहीं आती तुमको आतंकी।

प्रोफेसर यहां नहीं रुके, उन्होंने कहा, 'मैंने सोचा था कि मैं आज बहुत शांत रहूंगा। ईरान युद्ध तुम्हारे जैसे लोगों की वजह से हुआ। ट्रम्प तुम्हें ले जाएगा। तुम बेवकूफ होतुम नरक में जाओगे।'

**फास्ट न्यूज**

### राजस्थान में बीजेपी को 87, कांग्रेस को 25 करोड़ डोनेशन

जयपुर । राजस्थान में साल 2024-25 में राजनीतिक पार्टियों को कुल 112.97 करोड़ का चंदा मिला है। चुनाव आयोग में राजनीतिक पार्टियों की तरफ से दिए गए चंदे के ब्यौरे पर एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म (एडीआर) की रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है।

**जांच | आरोप**

### रेप आरोपी बाबा के खिलाफ 100 शिकायतें मिलीं

नासिक (महाराष्ट्र) । महाराष्ट्र के नासिक में गिरफ्तार स्वयंभू 'बाबा' अशोक खरात के खिलाफ दो और मामले दर्ज हुए हैं। पुलिस ने शनिवार को बताया कि जांच कर रही SIT को पिछले पांच दिनों में फोन पर 100 से ज्यादा शिकायतें मिली हैं। SIT ने लोगों से जानकारी लेने के लिए दो फोन नंबर जारी किए हैं। खरात के खिलाफ कुल 10 FIR दर्ज हो चुकी हैं। इनमें से 8 मामले यौन शोषण और 2 मामले धोखाधड़ी के हैं। खरात को 18 मार्च को गिरफ्तार किया गया था। महिला ने आरोप लगाया था कि खरात ने तीन साल तक उसका बार-बार रेप किया।

### इंडिगो फ्लाइट का इंजन फेल

नई दिल्ली । विशाखापट्ट-नम से दिल्ली आ रही इंडिगो की फ्लाइट 6E 579 की शनिवार सुबह दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर इंजन बंद होने की वजह से इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। फ्लाइट में 160 यात्री सवार थे। विमान की सुरक्षित लैंडिंग के लिए एयरपोर्ट के रनवे 28 पर 'फुल इमरजेंसी' लागू की गई थी।

## ईरान की जंग में पहली बार हूती ने इजरायल पर दागी मिसाइल

### अरब मुल्कों में खतरा बढ़ा जंग फैलती नजर आ रही

**दावा**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

नई दिल्ली । अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच जारी जंग अब और ज्यादा फैलती नजर आ रही है. इजरायली सेना ने दावा किया है कि यमन से इजरायल की तरफ एक मिसाइल दागी गई है. यह पहली बार है जब इस जंग के दौरान यमन से सीधे हमले की बात सामने आई है. इस दावे ने पूरे मिडिल ईस्ट में बड़े क्षेत्रीय युद्ध की आशंकाओं को और तेज कर दिया है. इस हमले से कुछ घंटे पहले ही हूती ने संकेत दिए थे कि अगर ईरान के खिलाफ कार्रवाई तेज होती है तो वे भी हस्तक्षेप कर सकते हैं. हालांकि उन्होंने सीधे तौर पर हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन इजरायल का दावा इस बात की ओर इशारा करता है कि हूती अब इस संघर्ष में सक्रिय रूप से शामिल हो सकता है।



**इजरायल ने यमन से मिसाइल दागे जाने का दावा किया है. हालांकि, हूती की तरफ से इस दावे पर फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई**

» (शेष पेज 06 पर)

### अडाणी डिफेंस ने आर्मी को सौंपी 2,000 मशीन गन

ग्वालियर । मध्य प्रदेश के ग्वालियर में अडाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने भारतीय सेना को 2,000 'प्रहार' लाइट मशीन गन की पहली खेप सौंपी। यह 7.62 मिमी कैलिबर के हथियार ग्वालियर के स्मॉल आर्म्स कॉम्प्लेक्स में बनाए गए हैं। सरकार इन हथियारों का इस्तेमाल LAC और LoC पर सुरक्षा और मारक क्षमता बढ़ाने के लिए करेगी। 'प्रहार' LMG की मारक क्षमता 1,000 मीटर तक है, जिससे दुश्मनों को दूर से निशाना बनाया जा सकता है। मशीन गन 8 किलोग्राम की हैं, जिनकी लंबाई 1100 mm है। शनिवार को ग्वालियर स्थित प्लांट में सेना को LMG सौंपने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें रक्षा मंत्रालय के डीजी ए. अंबरासु, कंपनी के CEO आशीष राजवंशी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

### होर्मुज स्ट्रेट और व्यापार पर चर्चा की, ईरान जंग पर बात करने पाकिस्तान जाएंगे 3 देश

# पीएम मोदी ने सऊदी क्राउन प्रिंस से बात की

**चर्चा**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी । अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का 29वां दिन है। पीएम मोदी ने शनिवार को सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान से फोन पर ईरान जंग को लेकर बात की।

दोनों नेताओं ने इस बात पर सहमति जताई कि होर्मुज स्ट्रेट जैसे समुद्री रास्ते खुले और सुरक्षित रहने चाहिए और अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रभावित नहीं होना चाहिए। पीएम मोदी ने ऊर्जा ठिकानों पर हो रहे हमलों की निंदा की। वहीं, ईरान जंग के बीच तुर्किये, मिस्र और सऊदी अरब के विदेश मंत्री 30 मार्च को पाकिस्तान पहुंचेंगे। यहां वे पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से भी मुलाकात करेंगे। पाकिस्तान के ईरान और सऊदी अरब दोनों से बेहतर रिश्ते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इसलिए पाकिस्तान को विदेश मंत्रियों की बैठक के लिए बेहतर जगह माना जा रहा है। » (शेष पेज 06 पर)



**इस्लामाबाद में होने वाली इस बैठक में मिडिल ईस्ट के हालात पर चर्चा होगी। युद्ध शुरू होने के बाद यह पहली बड़ी बैठक मानी जा रही है, जिसमें कई देशों के विदेश मंत्री एक साथ शामिल होंगे।**





### ईरानी अखबार की अमेरिका को चेतावनी, लिखा- नरक में स्वागत है

ईरान से छपने वाले अंग्रेजी अखबार तेहरान टाइम्स ने अपने पहले पन्ने पर अमेरिका को सख्त चेतावनी दी है। अखबार ने 'नरक में स्वागत है' (वेलकम टू हेल) लिखते हुए कहा है कि अगर अमेरिकी सैनिक ईरान में ग्राउंड ऑपरेशन के लिए आए तो वे सिर्फ ताबूत में ही वापस जाएंगे। यह बयान उस समय आया है जब खबरें चल रही हैं कि अमेरिका मिडिल ईस्ट में करीब 10,000 और सैनिक भेजने पर विचार कर रहा है।

» (शेष पेज 06 पर)

### अमित शाह का गुवाहाटी में रोड शो : अमित शाह बोले ममता चुनाव में विक्टिम कार्ड खेलती हैं

# असम में 90 से ज्यादा सीटों से बनाएंगे सरकार : शाह

**तमसा संकेत, एजेंसी**

नई दिल्ली/ तिरुवनंतपुरम/ गुवाहाटी/ कोलकाता/ चेन्नई । गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को गुवाहाटी (असम) में रोड शो किया। इसके पहले शाह ने कोलकाता में ममता सरकार के खिलाफ आरोप पत्र (चार्जशीट) जारी किया। शाह ने कहा, 'इसमें TMC सरकार के 15 साल के काले कारनामों का जिक्र है, ये जनता की चार्जशीट है। बंगाल में अराजकता और बदहाली है। यहां की अर्थव्यवस्था चौपट हो चुकी है।'

मार्च 2024 के लोकसभा चुनाव के पहले ममता के सिर में चोट में लगी थी, जबकि 2021 में विधानसभा चुनाव के पहले उनके पैर में चोट लगी थी। उधर, TMC ने भी भाजपा के खिलाफ आरोप पत्र जारी किया। केरल के मंत्री और एलडीएफ के उम्मीदवार वी शिवनकुट्टी ने शनिवार को कहा कि वे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर से उनके निर्वाचन क्षेत्र में विकास पर खुली बहस के लिए तैयार हैं।

» (शेष पेज 06 पर)



### भाजपा की मुहर लगे चुनाव दस्तावेज मामले में एक्शन

केरल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी रतन यू केलकर ने शनिवार को उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी और एक अनुभाग अधिकारी को उनके मूल विभागों में वापस भेज दिया। यह कार्रवाई भाजपा की मुहर लगे एक चुनाव आयोग के दस्तावेज को लेकर की गई, जिसे राजनीतिक दलों को भेजा गया था।



### राहुल ने सुधाकरन से मुलाकात की

राहुल गांधी ने शनिवार को नई दिल्ली में कन्नूर लोकसभा सांसद के सुधाकरन से मुलाकात की। इस मुलाकात में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी मौजूद थे।

» (शेष पेज 06 पर)

**'ममता दीदी ने हमेशा विक्टिम कार्ड की राजनीति की है। कभी पैर तुड़वा लेती हैं, कभी सिर पर पट्टी बंधवा लेती हैं, कभी बीमार हो जाती हैं और कभी चुनाव आयोग को गालियां देती हैं। लेकिन बंगाल के लोग अब ममता दीदी की विक्टिम कार्ड पॉलिटिक्स को अच्छी तरह समझ गए हैं।'**
**- अमित शाह**



## अयोध्या में मंत्री दयाशंकर के यज्ञ स्थल में लगी आग

### राममंदिर से 800 मीटर दूर हादसा

**घटना**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

अयोध्या । अयोध्या में परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के यज्ञ स्थल में शनिवार दोपहर 12 बजे अचानक भीषण आग लग गई। एक एकड़ में फैला यज्ञ स्थल कुछ ही मिनटों में जलकर खाक हो गया। गनीमत यह रही कि हादसे के वक्त यज्ञशाला खाली थी। करीब डेढ़ घंटे पहले ही मंत्री का 9 दिवसीय लक्ष्मीनारायण महायज्ञ पूर्ण हुआ था। उस वक्त करीब 50 हजार से अधिक लोग मौजूद थे। यज्ञ स्थल, राम मंदिर से 800 मीटर दूर है। बताया जा रहा है कि यज्ञ के पूर्ण होने के बाद एक नारियल फूटने से चिंगारी निकली, जिससे कपड़े से बने पंडाल में आग लग गई। परिवहन मंत्री ने कहा फायर ब्रिगेड मौके पर मौजूद था। उसने तुरंत आग पर काबू पा लिया। कोई जनहानि नहीं हुई है। सब नियंत्रित है। यज्ञ में शामिल एक व्यक्ति ने बताया- मंत्री के 9 दिवसीय महायज्ञ के लिए यज्ञशाला में 1,251 हवन कुंड बने थे।



**यज्ञशाला खाली नहीं होती तो बड़ा हादसा हो जाता**

» (शेष पेज 06 पर)

## पार्षद बोले- हफ्ते में 2 दिन नहीं मिल रहा डीजल, एलएसए ने लिखा- इमरजेंसी में ईंधन दिलाएं

# डंपिंग यार्डों से कूड़ा उठान में देरी

**मांग**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ। लखनऊ में घर-घर कूड़ा कलेक्शन के बाद डंपिंग यार्डों (कूड़ा घरों) में कूड़ा जमा हो रहा है। यहां से कूड़ा उठान में देरी हो रही है। कई पार्षदों को कहना है कि नगर निगम से हफ्ते में 2 दिन डीजल नहीं मिल रहा है। शहर के 5 जोन में सफाई व्यवस्था संभाल रही कार्यदायी संस्था LSA (लखनऊ स्वच्छता अभियान) ने नगर आयुक्त को एक लेटर भी लिखा है।

इसके जरिये उसने मांग की है कि संस्था को इमरजेंसी सर्विस के तौर पर समय से ईंधन उपलब्ध कराया जाए, ताकि सेवा लगातार चलती रहे। हालांकि, नगर आयुक्त गौरव कुमार ने स्पष्ट किया है कि ईंधन की कमी नहीं है। शहर की हर व्यवस्था निर्बाध चलती रहेगी। बता दें कि डीजल-पेट्रोल खत्म होने की अफवाह के चलते पेट्रोल पंपों पर भीड़ लग रही है। नगर निगम के कई पार्षदों का कहना है कि कई बार अधिकारियों से शिकायत की कि शनिवार और रविवार को गाड़ियों को डीजल नहीं मिल रहा है। इसके बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही है। इस वजह से कूड़ा घरों में भारी मात्रा में कूड़ा पड़ा रह रहा है। हालांकि, आरआर विभाग के चीफ इंजीनियर मनोज प्रभात का कहना है कि कोई ऐसी समस्या नहीं है। प्राथमिकता के आधार पर शहर में काम किया जा रहा है।





**■ एलएसए का लेटर-संस्था की तरफ से कूड़ा उठान और साफ-सफाई का काम किया जाता है। गाड़ियों में पेट्रोल डीजल की कमी न हो। इसके लिए हमें इमरजेंसी सर्विस के तौर पर पेट्रोल-डीजल की व्यवस्था समय से कराई जाए ताकि कोई समस्या न आए।**

### कई विभागों को डीजल मिलने में हो रही देरी

नगर निगम के अभियंत्रण, उद्यान, पशु पालन सहित अन्य विभागों को भी नगर निगम की तरफ से डीजल दिया जाता है। विभागों के पास में कुल करीब 450 गाड़ियां हैं। इनके जरिये करीब आठ से नौ हजार लीटर ईंधन एक दिन में खर्च हो जाता है।

आरआर विभाग का मुख्यालय खाली होने के बाद नगर निगम की तरफ से जोन-1 और जोन- 8 में स्थित पेट्रोल पंप से तेल लेने की व्यवस्था की गई है। इस बीच पशु पालन, उद्यान विभाग, विज्ञापन विभाग के लोगों का भी कहना है कि तेल मिल रहा है, लेकिन देर से।



### पार्षदों ने बताई समस्या, नहीं सुन रहे अधिकारी

अचार्य नरेंद्र देव वार्ड के पार्षद मनीष रस्तोगी ने बताया कि शनिवार और रविवार को डीजल देना बंद हो गया है। इससे तीन चार राउंड में साफ होने वाला कूड़ा घर अब कई दिनों तक भरा रहता है। शिकायत के बाद भी अधिकारी नहीं सुन रहे। पार्षद प्रतिनिधि संतोष राय ने कहा कि डीजल मिलने में देरी हो रहा है। इससे पूरे वार्ड में समस्या हो रही है। कूड़ा उठान दो से तीन दिनों तक नहीं हो रहा है। शनिवार और रविवार को डीजल नहीं दे रहे हैं। सड़क का कूड़ा उठाने में दिक्कत हो रही है। जोनल सिनेटरी अधिकारी और जोनल अधिकारी के पास में कोई पावर नहीं है। ऐसे में समस्या बढ़ रही है।

# पीजीआई में 2314 पदों पर भर्ती को मंजूरी

### 614 डॉक्टरों की नियुक्ति होगी

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ । राजधानी लखनऊ स्थित संजय गांधी पीजीआई में बड़े स्तर पर भर्ती का रास्ता साफ हो गया है। गवर्निंग बॉडी की बैठक में कुल 2314 पदों पर भर्ती के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। इसमें 614 डॉक्टरों के साथ ही बड़ी संख्या में नर्सिंग और टेक्नीशियन स्टाफ की नियुक्ति की जाएगी। यह भर्ती संस्थान में बन रहे एडवांस पीडियाट्रिक सेंटर के संचालन के लिए की जा रही है। मंजूरी के अनुसार, संस्थान में कुल 614 डॉक्टरों की भर्ती की जाएगी। इसमें 131 सीनियर डॉक्टर और 483 रेजिडेंट डॉक्टर शामिल हैं। इसके अलावा स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए 1540 नर्स और टेक्नीशियन पदों को भी भरने की स्वीकृति दी गई है। साथ ही 160 आउटसोर्सिंग पदों पर भी भर्ती होगी। पीजीआई परिसर में बन रहे देश के पहले एडवांस पीडियाट्रिक सेंटर के लिए यह भर्ती की जा रही है। करीब 500 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हो रहा यह सेंटर अपने पहले चरण में लगभग 90% तक पूरा हो चुका है। इस सेंटर में बच्चों से जुड़ी गंभीर बीमारियों के इलाज की अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यहां सुपर स्पेशियलिटी कोर्स भी संचालित किए जाएंगे, जिससे विशेषज्ञ डॉक्टर तैयार किए जा सकेंगे।



**■ नर्सिंग-टेक्नीशियन के भी 1540 पद भरेंगे**

**फास्ट न्यूज**

### गांव में घरेलू बिजली कनेक्शन से दुकान चलाने वालों को मिले राहत

लखनऊ। ग्रामीण क्षेत्र में घरेलू कनेक्शन वाली बिजली का ही घर में बनी दुकान में इस्तेमाल करने की सशर्त अनुमति मिल सकती है। परिषद अध्यक्ष अवधेश वर्मा का कहना है कि दो किलोवाट तक 200 यूनिट बिजली खर्च करने वाले संबंधित उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए पूर्व में पावर कारपोरेशन प्रबंधन ने आयोग को सुझाव दिया था, लेकिन उसे अब तक लागू नहीं किया गया है।

### दहेज समेत 30 तरह के मामलों में एफआईआर दर्ज नहीं करेगी पुलिस

लखनऊ। डीजीपी राजीव कृष्ण ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश जारी किया है कि जिन मामलों में कानून के तहत केवल परिवाद (शिकायत) का प्रविधान है, उनमें एफआईआर दर्ज करना पूरी तरह गलत है। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ द्वारा इस विषय पर आपत्ति जताए जाने के बाद डीजीपी ने यह निर्देश जारी किया है।

उन्होंने निर्देश में स्पष्ट किया है कि कई बार पुलिस नियमों के विपरीत एफआईआर दर्ज कर लेती है। इससे आरोपित को न्यायालय में लाभ मिल जाता है। साथ ही पूरी जांच प्रक्रिया प्रभावित होती है।

### रसोई गैस सिलेंडर के रिसाव से घर में लगी आग

इटौंजा (लखनऊ)। इटौंजा थाना के अंतर्गत अटेसुवा गांव में गुरुवार की सुबह एक किसान के घर में सुबह का खाना बन रहा था। तभी रसोई गैस सिलेंडर में रिसाव के चलते आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। जिसकी वजह से घर में रखी हजारों की गृहस्थी व अनाज जलकर खाक हो गया। आग लगने से गांव में हड़कंप मच गया।

# यूपी के 1.50 लाख बच्चों की चमकेगी किस्मत

### 'स्कूल चलो अभियान' 1 अप्रैल से होगा शुरू

**हेमन्त कृष्ण**

तमसा संकेत, लखनऊ। प्रदेश में 1.50 लाख से अधिक ड्रापआउट बच्चों को फिर से स्कूल से जोड़ने के लिए 'स्कूल चलो अभियान' का आगाज एक अप्रैल से किया जाएगा। बेसिक शिक्षा विभाग ने सभी जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए इस अभियान को प्राथमिकता के आधार पर चलाने को कहा है। महानिदेशक, स्कूल शिक्षा की ओर से जारी आदेश के अनुसार, शैक्षिक सत्र 2026-27 में अभियान दो चरणों में संचालित होगा। पहला चरण एक अप्रैल से 15 अप्रैल तक और दूसरा चरण एक जुलाई से 15 जुलाई तक चलेगा।

इस दौरान 6 से 14 वर्ष तक के सभी बच्चों को निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा से जोड़ने पर विशेष जोर रहेगा। यू-डायस आंकड़ों के मुताबिक परिषदीय विद्यालयों में करीब 1,50,660 बच्चे ड्रापआउट श्रेणी में चिन्हित हैं। इन बच्चों की पहचान और नामांकन के लिए शारदा ऐप में 'ड्राप आउट स्टेट्स ' नाम से नया माड्यूल जोड़ा गया है। इसके जरिए शिक्षकों को ड्रापआउट बच्चों की सूची मिलेगी, जिनका नामांकन सुनिश्चित करना होगा। यदि कोई बच्चा पहले से ही विद्यालय में पढ़ रहा है, तो उसकी स्थिति एप पर अपडेट करनी होगी।



**■ योगी सरकार 1 अप्रैल से शुरू करने जा रही स्पेशल अभियान**

### भाजपा जिला इकाइयों के गठन में नए चेहरों को लेकर भारी विरोध

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश में पंचायत चुनाव और विधानसभा चुनाव 2026 को लेकर भले ही जिला इकाईयों का पुनर्गठन कर रही है, लेकिन इसको लेकर वबाल भी तेज होता जा रहा है। लंबे समय बाद जिलों की टीमें बदलने के बाद से कुछ जिलों में नए चेहरों की छवि और अनुभव को लेकर विरोध के स्वर फूट पड़े हैं। कहीं कम अनुभवी चेहरों को महामंत्री जैसा अहम पद देने से उबाल है तो कहीं आपराधिक छवि के चेहरों को संगठन में स्थान मिलने से कार्यकताओं की नाराजगी बढ़ी है। विरोध में कई जिलों में पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं के इस्तीफे होने से पार्टी चिंतित है। नए सिरे से संगठन की समीक्षा करते हुए पार्टी डैमेज कंट्रोल की कसरत कर सकती है।

भाजपा को 98 संगठनात्मक जिलों में पदाधिकारियों की टीमें बनानी है। ब्रज, पश्चिम, अवध, कानपुर और काशी क्षेत्र में अभी 17 जिलों की टीमों पर सहमति नहीं बन पाई है।

## लखनऊ एमपी-एमएलए कोर्ट का फैसला, मुख्तार से आमने-सामने चली थी गोलियां


# माफिया बृजेश सिंह 2004 के कैंट फायरिंग केस में बरी

**फैसला**

**तमसा संकेत, संवाददाता**

लखनऊ । लखनऊ के बहुचर्चित 2004 कैंट फायरिंग मामले में बड़ा फैसला आया है। 22 साल बाद MP-MLA कोर्ट ने इस केस में आरोपी बृजेश सिंह को साक्ष्यों के अभाव में बरी कर दिया। यह मामला उस समय सुर्खियों में आया था जब मुख्तार अंसारी और कृष्णानंद राय के काफिले आमने-सामने आ गए थे और दोनों ओर से ताबड़तोड़ फायरिंग हुई थी।

मामले में मुख्तार अंसारी ने कृष्णानंद राय, बृजेश सिंह पर हत्या का प्रयास, बलवा आदि की धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई थी। मामले में श् एमपी एमएलए कोर्ट ने फैसला सुनाया है। बृजेश सिंह, त्रिभुवन सिंह, सुनील राय, आनंद राय, अजय सिंह उर्फ गुड्डू बरी किए गए। शनिवार को पूर्व एमएलसी बृजेश सिंह एमपी एमएलए कोर्ट में मौजूद रहे। 13 जनवरी को 2004 में कैंट थाना क्षेत्र में सदर रेलवे क्रॉसिंग पर दोनों गुटों के बीच फायरिंग हुई थी। कृष्णानंद राय ने मुख्तार अंसारी और उसके साथियों पर एफआईआर दर्ज कराई थी। दोनों ही उस समय विधायक थे और अपने-अपने समर्थकों के साथ यात्रा कर रहे थे, जिससे स्थिति अचानक तनावपूर्ण हो गई।



**घटना वर्ष 2004 की है, जब लखनऊ के कैंट क्षेत्र में दो प्रभावशाली नेताओं के काफिले अचानक आमने-सामने आ गए थे। बताया जाता है कि उस समय मुख्तार अंसारी अपनी पत्नी के साथ गाजीपुर से लखनऊ आ रहे थे, जबकि कृष्णानंद राय लखनऊ से वापस गाजीपुर लौट रहे थे।**

### कुछ ही पलों में शुरू हो गई अंधाधुंध फायरिंग

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जैसे ही दोनों पक्ष आमने-सामने आए, पहचान होते ही माहौल गरमा गया और कुछ ही क्षणों में दोनों ओर से फायरिंग शुरू हो गई। करीब पांच मिनट तक चली इस फायरिंग में कई राउंड गोलियां चलीं, जिससे इलाके में दहशत फैल गई थी।

हालांकि राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना सामने नहीं आई थी, लेकिन घटना ने प्रदेश की राजनीति और कानून-व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़े कर दिए थे।

## बजट की लूट, किसानों से धोखा और एमओयू के नाम पर गुमराह कर रही सरकार

# 'भ्रष्टाचार और फर्जीवाड़े का बना दिया रिकॉर्ड'

### भाजपा सरकार पर अखिलेश यादव का हमला

**तमसा संकेत, संवाददाता**

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री Akhilesh Yadav ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि प्रदेश में भ्रष्टाचार और फर्जीवाड़े का नया रिकॉर्ड बनाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि जनता को झूठे सपने दिखाकर ठगा जा रहा है और बजट के पैसे का खुलेआम बंदरबांट हो रहा है।

"हर विभाग में कमीशनखोरी"

अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार के हर विभाग में भारी भ्रष्टाचार व्याप्त है। चाहे जल जीवन मिशन हो या लोक निर्माण विभाग, हर जगह कमीशनखोरी का खेल चल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि डबल इंजन सरकार प्रदेश को लूटने में लगी हुई है।

उन्होंने कहा कि अयोध्या, वाराणसी और नोएडा समेत कई क्षेत्रों में किसानों की जमीनें छीनी जा रही हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार के खराब प्रबंधन के चलते प्रदेश के कई एयरपोर्ट ठप पड़े हैं।

चित्रकूट और कुशीनगर एयरपोर्ट समेत घरेलू उड़ानों के लिए तैयार किए गए 6 एयरपोर्ट से उड़ानें बंद हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार अरबों रुपये के निर्माण सिर्फ ठेके बांटने और कमाई के लिए कर रही है, न कि हवाई सेवाएं शुरू करने के लिए। अंत में उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार और लूट से परेशान है और आने वाले 2027 के चुनाव में उसे सत्ता से बाहर कर देगी।



> **अखिलेश यादव ने प्रदेश के विकास को "शून्य" बताते हुए कहा कि सरकार फर्जी एमओयू के जरिए जनता को गुमराह कर रही है। उन्होंने मांग की कि यदि इन सभी एमओयू की जांच कराई जाए तो सरकार का सच सामने आ जाएगा।**

### किसानों की जमीन पर राजनीति का आरोप

सपा प्रमुख ने भाजपा को "भूमाफिया पार्टी" बताते हुए कहा कि किसानों की जमीनों का सही मुआवजा नहीं दिया जा रहा है। सरकार जमीन अधिग्रहण कर अपने चहेते उद्योगपतियों को फायदा पहुंचा रही है।

### उत्तर प्रदेश के 21 जिलों में ओलावृष्टि से 244.23 हेक्टेयर फसल की हुई क्षति

लखनऊ। प्रदेश में बीते कई दिनों तक खराब मौसम व ओलावृष्टि के 21 जिलों में कुल 244.23 हेक्टेयर फसल क्षतिग्रस्त हुई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तत्काल इसका संज्ञान लेकर सभी जिलाधिकारियों को अन्नदाताओं के नुकसान की भरपाई करने का निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री के निर्देश के क्रम में आपदा से प्रभावित 286 किसानों को अब तक 13,34,217 रुपये की राहत राशि वितरित की जा चुकी है। वहीं, अतिवृष्टि (अधिक वर्षा) के चलते स्थिति अधिक गंभीर रही। इस दौरान कुल 14,207 किसान प्रभावित हुए, जिनमें से 9,992 किसानों को अब तक 4,47,24,779 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जा चुकी है। इसके अलावा, बीते दिनों 15 से 25 मार्च तक हुई बेमौसम भारी वर्षा से सहारनपुर के पांच गांवों में 11 हेक्टेयर फसल क्षति दर्ज की गई, जिसमें 44 किसान प्रभावित हुए हैं।

# उत्तर प्रदेश में जनगणना की तैयारी हुई तेज

### इसको जन अभियान बनाने का लक्ष्य

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में जनगणना-2027 की तैयारी तेज हो गई है। इसके तहत होने वाले मकान सूचीकरण व मकान की गणना के लिए शनिवार को एक दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में आयुक्त एवं सचिव राजस्व परिषद कंचन वर्मा ने कहा कि जनगणना के आंकड़े देश के विकास की दिशा को तय करते हैं। जनगणना को जन-जन की भागीदारी से जोड़कर जन अभियान बनाया जाए, जिससे सही आंकड़े प्राप्त हो सकें। जनगणना कार्य में यदि कोई विसंगति पाई गई या कोई किसी कार्य को बाधित करेगा तो उसके विरुद्ध जनगणना अधिनियम के तहत कार्रवाई होगी। जनगणना कार्य निदेशालय में आयोजित कार्यक्रम में आयुक्त ने कहा कि प्रदेश में जनगणना 22 मई से 20 जून 2026 तक की जाएगी। यह पूरी तरह डिजिटल रूप में होगी। सभी डाटा संग्रहण, प्रविष्टि, सत्यापन एवं निगरानी कार्य डिजिटल प्लेटफार्म्स के माध्यम से किए जाएंगे।



**■ एक दिवसीय प्रशिक्षण में आयुक्त राजस्व परिषद ने अधिकारियों को दिए निर्देश**

**■ देश के विकास की दिशा को तय करते हैं जनगणना के आंकड़े**

## खुलासा : आईएसआईएस आतंकी ने 10 हैंडलर के नाम बताए, एटीएस ने रिमांड खत्म होने पर जेल भेजा

# 50 आतंकी तैयार करने का टारगेट

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ । ISIS आतंकी संगठन के लिए काम कर रहे मेडिकल स्टूडेंट को 50 आतंकी तैयार करने का टारगेट मिला था। इसके लिए वह 10 हैंडलर की मदद से काम कर रहा था। ATS ने मुरादाबाद से गिरफ्तार हारिस अली को रिमांड पूरी होने के बाद न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया। पांच दिन चली पूछताछ में हारिस ने कई चौकाने वाले खुलासे किए हैं।

ATS की पूछताछ में सामने आया कि हारिस का नेटवर्क सिर्फ उत्तर प्रदेश तक सीमित नहीं था, बल्कि बिहार, दिल्ली और पंजाब तक फैला हुआ था। उसने कुल 10 ऐसे सहयोगियों के नाम बताए हैं, जिनमें चार यूपी के रहने वाले हैं, जबकि छह अन्य अलग-अलग राज्यों से जुड़े हैं। इन सभी को देश में आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए फंडिंग भी की जा रही थी। ATS अब इन सभी संदिग्धों की तलाश में जुट गई है।

हारिस ने पूछताछ के दौरान उन युवाओं की भी जानकारी दी है, जो सीधे उसके संपर्क में थे और सक्रिय रूप से उसके साथ जुड़े हुए थे। ATS इन इनपुट्स के आधार पर नेटवर्क को पूरी तरह ध्वस्त करने की रणनीति पर काम कर रही है।



■ ATS ने मुरादाबाद से गिरफ्तार हारिस अली को रिमांड पूरी होने के बाद न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया।

**जांच में यह भी सामने आया है कि हारिस अली मुरादाबाद के एक मेडिकल कॉलेज में डेंटल सर्जरी की पढ़ाई कर रहा था। पढ़ाई के साथ-साथ वह आईएसआईएस के लिए काम कर रहा था और युवाओं को अपने नेटवर्क से जोड़ रहा था। एटीएस ने उसे पिछले सप्ताह मुरादाबाद से गिरफ्तार किया था और पूछताछ के लिए 5 दिन की रिमांड पर लिया था।**

### 50 से ज्यादा युवाओं को जोड़ा, ब्रेनवॉश किया

पूछताछ में हारिस ने बताया कि उसने इंटरनेट मीडिया के जरिए 50 से अधिक युवाओं को अलग-अलग ग्रुपों में जोड़ा था। इन युवाओं को धीरे-धीरे संगठन की विचारधारा से प्रभावित कर ब्रेनवॉश किया। उन्हें आतंकी गतिविधियों के लिए तैयार किया जा रहा था। उसने यह भी कबूल किया कि ISIS ने उसे उत्तर प्रदेश, बिहार, दिल्ली और पंजाब में 50-50 युवाओं के ग्रुप तैयार करने का लक्ष्य दिया था। ATS को हारिस के लैपटॉप से कई अहम ई-मेल भी मिले हैं। इन ई-मेल के जरिए वह ISIS के एजेंटों को देश से जुड़ी संवेदनशील जानकारियां भेज रहा था। उसने कुछ महत्वपूर्ण स्थानों की तस्वीरें भी एजेंटों को भेजी थीं, जो सुरक्षा के लिहाज से संवेदनशील है।

## जन्नतुल बकी के लिए खून से लिखा लेटर, लखनऊ में सऊदी हुकूमत के खिलाफ प्रदर्शन

# इजरायली पीएम की तस्वीर पैरों से कुचली

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ । लखनऊ के शहीद स्मारक पर शिया मुसलमानों ने सऊदी अरब हुकूमत के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की तस्वीर पैरों तले कुचली। इजरायल-अमेरिका मुर्दाबाद के नारे लगाए। सऊदी अरब में मौजूद जन्नतुल बकी के पुनर्निर्माण के लिए सऊदी हुकूमत को खून से पत्र लिखा। इसके बाद मातम किया। मौलाना यासूब अब्बास ने प्रदर्शनकारियों को लीड किया। बता दें कि सऊदी में इमामों के रोजों-मजारों को ध्वस्त कर दिया गया था। अरबी कैलेंडर के हिसाब से हर साल आठ शव्वाल को सऊदी अरब में मौजूद जन्नतुल बकी के फिर से निर्माण के लिए ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड की तरफ से प्रदर्शन किया जाता है। मौलाना ने सऊदी अरब हुकूमत से मांग की कि या तो जन्नतुल बकी का निर्माण कराएं या शिया समुदाय को इजाजत दें। इसके बाद हम वहां जाकर मजारों का पुनर्निर्माण करें। मौलाना ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील की है कि शिया समुदाय के आस्था को ध्यान में रखते हुए सऊदी हुकूमत से जन्नतुल बकी के निर्माण के लिए भारत सरकार दबाव बनाए।



कुछ युवकों ने इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की तस्वीर पैरों तले कुचली।

### 1925 में सऊदी हुकूमत ने कब्रों को ध्वस्त करवाया था

ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के महासचिव मौलाना यासूब अब्बास ने कहा- 100 साल पहले सऊदी अरब के शासक आले सऊद ने जन्नत-उल-बकी में मोहम्मद साहब के खानदान वालों और उनकी बेटी की कब्र को ध्वस्त करवा दी थी।

ये बहुत अफसोस की बात है कि सऊदी हुकूमत जिस रसूल का कलमा पढ़ती है। उसकी बेटी की कब्र पर आज तक कोई साया नहीं है। ये बड़े शर्म की बात है कि सऊदी शासक अपने आलीशान महलों में रह रहे हैं, लेकिन रसूल की बेटी की कब्र खुले आसमान के नीचे है।

### अफवाह के चलते बढ़ी मांग ■ करीब 30 पेट्रोल पंप हुए ड्राई

# गहराया पेट्रोल-डीजल संकट

**परेशानी**

- कई स्थानों पर 'नो स्टॉक' बोर्ड
- पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें
- आपूर्ति में बाधा, भुगतान के बाद भी इंतजार
- अफवाह बनी मुख्य वजह



- पंप संचालकों का कहना है कि तेल कंपनियों से पर्याप्त आपूर्ति नहीं मिल पा रही है। कई मामलों में भुगतान के बाद भी समय पर डिलीवरी नहीं हो रही है। इससे संकट और गहरा गया है।

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अंबेडकरनगर में पेट्रोल और डीजल की किल्लत ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। खाड़ी क्षेत्र में युद्ध की खबरों के बीच फैली कमी की अफवाह ने ईंधन की मांग अचानक कई गुना बढ़ा दी। हालात यह हैं कि जिले के करीब 30 पेट्रोल पंपों पर तेल खत्म हो गया है।

ईंधन की कमी के कारण लोगों को कई किलोमीटर दूर दूसरे पंपों पर जाना पड़ रहा है। जिले के अधिकांश पेट्रोल पंपों पर सुबह से ही वाहनों की लंबी कतारें लग रही हैं। दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों के साथ किसान भी डीजल के लिए लाइन में खड़े नजर आ रहे हैं। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए कई जगहों पर पुलिस बल तैनात करना पड़ा। स्थानीय स्तर पर माना जा रहा है कि ईंधन की कमी की अफवाह ने स्थिति को बिगाड़ दिया है। जरूरत से ज्यादा खरीद और भंडारण के कारण मांग अचानक बढ़ गई, जिससे आपूर्ति तंत्र प्रभावित हुआ।प्रशासन और संबंधित विभाग स्थिति को नियंत्रित करने में जुटे हैं। आपूर्ति बहाल करने और भीड़ कम करने के प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

#### सामान्य से पांच गुना बढ़ी मांग

जानकारी के अनुसार सामान्य दिनों के मुकाबले पेट्रोल और डीजल की मांग चार से पांच गुना तक बढ़ गई है। लोग टंकियां फुल कराने के साथ अतिरिक्त ईंधन का भंडारण भी कर रहे हैं। इसके कारण पेट्रोल पंपों पर स्टॉक तेजी से खत्म हो रहा है।

पंप संचालकों के मुताबिक, जहां पहले पूरे दिन में जितनी बिक्री होती थी, अब उतनी खपत दो से तीन घंटे में ही हो जा रही है। इससे आपूर्ति व्यवस्था पर दबाव बढ़ गया है।

> शनिवार को टांडा, बेवाना, जलालपुर, जहांगीरगंज, आलापुर और जिला मुख्यालय के कई इलाकों में पेट्रोल पंपों पर 'तेल खत्म' के बोर्ड लगाए गए। पटेलनगर, बसखारी रोड और अयोध्या रोड सहित ग्रामीण क्षेत्रों के कई पंपों पर भी यही स्थिति रही।

#### कंपनियों का दावा, स्थिति सामान्य

पेट्रोलियम कंपनियों की ओर से पर्याप्त स्टॉक होने का दावा किया जा रहा है। हालांकि जमीनी स्थिति इससे अलग नजर आ रही है। लगातार बढ़ती भीड़ और खाली हो रहे पंप प्रशासनिक दावों पर सवाल खड़े कर रहे हैं।

# जमाखोरी और ओवर रेटिंग पर नहीं लग रही लगाम

### थोक और फुटकर बाजार में बढ़े दाम, जिम्मेदार विभागों की कार्रवाई शून्य

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। जमाखोरी और ओवर रेटिंग की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। जनपद मुख्यालय से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक कई उत्पाद निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत पर बेचे जा रहे हैं। इससे उपभोक्ताओं को अतिरिक्त बोझ उठाना पड़ रहा है।

तंबाकू उत्पादों की बिक्री में ओवर रेटिंग के मामले अधिक सामने आ रहे हैं। उदाहरण के तौर पर कमला पसंद जैसे उत्पाद, जिनका निर्धारित मूल्य 6 रुपये प्रति पीस बताया जाता है, उन्हें बाजार में 7 से 8 रुपये तक बेचा जा रहा है। बताया जा रहा है कि निर्माता कंपनियों की ओर से कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। इसके



बावजूद थोक और खुदरा विक्रेता अपने स्तर पर दाम बढ़ाकर बिक्री कर रहे हैं। बाट माप विभाग और प्रशासन की ओर से प्रभावी कार्रवाई नहीं होने की बात सामने आ रही है। दुकानों पर जांच और छापेमारी नहीं होने से ओवर रेटिंग पर रोक नहीं लग पा रही है। लगातार बढ़ती कीमतों से आम लोग प्रभावित हो रहे हैं। निर्धारित मूल्य से अधिक वसूली की शिकायतें बढ़ रही हैं। नियंत्रण के लिए नियमित जांच और सख्त कार्रवाई की जरूरत बताई जा रही है।

> पहले डीलरों और थोक विक्रेताओं द्वारा उत्पादों की जमाखोरी की गई। बाजार में कमी होने के बाद कीमतें बढ़ा दी गईं। इसके बाद खुदरा दुकानदार भी उसी आधार पर अधिक दाम वसूल रहे हैं।
>
> रामनगर, जहांगीरगंज, आलापुर और अन्य बाजारों में इस तरह की शिकायतें सामने आई हैं।

**फास्ट न्यूज**

### फर्जी पुलिस अधिकारी बन युवती से ठगी

जलालपुर । एक युवती को फोन पर खुद को पुलिस अधिकारी बताकर धमकाने और पैसे मांगने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने इस संबंध में जलालपुर कोतवाली में लिखित शिकायत दी है, जिस पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। ग्राम चुरैला, मौजा अरई निवासी शालिनी शर्मा ने बताया कि 28 मार्च को उनके मोबाइल पर एक कॉल आया। कॉल करने वाले व्यक्ति ने अपना नाम सर्वेश सिंह बताते हुए खुद को लखनऊ में तैनात पुलिस अधिकारी बताया।

### टांडा में किशोर की आत्महत्या, घर में पंखे से लटका मिला शव

अम्बेडकरनगर। टांडा कोतवाली क्षेत्र के सकरवाला बाजार में 17 वर्षीय किशोर ने घर के अंदर पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद क्षेत्र में हलचल बढ़ गई और मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस के अनुसार, सकरवाला निवासी राजकुमार सोनी का बेटा आयुष शनिवार शाम करीब चार बजे दुकान से घर आया था। कुछ समय बाद जब पिता घर लौटे, तो उन्होंने आयुष को कमरे में पंखे से लटका देखा। घटना की जानकारी मिलते ही टांडा कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### किसानों को गन्ना बीज चयन व पेड़ी प्रबंधन की दी जानकारी

अंबेडकरनगर। गन्ना उत्पादन बढ़ाने के लिए कृषि विभाग की ओर से किसानों को तकनीकी जानकारी दी जा रही है। इसी क्रम में अकबरपुर के अशरफाबाद में शनिवार को एक कार्यक्रम आयोजित कर किसानों को स्वस्थ गन्ना बीज चयन और पेड़ी प्रबंधन के बारे में बताया गया। जिला गन्ना अधिकारी साहब लाल यादव की मौजूदगी में किसान रामसिंगार और भागीरथी के खेत पर गन्ने की बुआई कराई गई।

## आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण पर डीएम सख्त

### समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण समाधान के निर्देश

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायतों की विस्तृत समीक्षा की और संबंधित विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए। बैठक के दौरान शासन से प्राप्त असंतुष्ट फीडबैक के मामलों की गहन समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने विभागवार शिकायतों की स्थिति जानी और कारणों का विश्लेषण किया। उन्होंने कहा कि शिकायतों का निस्तारण केवल औपचारिकता तक सीमित नहीं होना चाहिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, तथ्यपरक और गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता को



वास्तविक राहत मिलनी चाहिए। हर शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उसके मूल कारणों का समाधान किया जाए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को चेतावनी दी कि असंतुष्ट फीडबैक की पुनरावृत्ति होने पर संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतकर्ता की संतुष्टि सुनिश्चित करना जरूरी है। बैठक में यह भी कहा गया कि एक ही प्रकार की शिकायत बार-बार न आए, इसके लिए स्थायी समाधान पर ध्यान दिया जाए। संबंधित विभाग अपने स्तर पर निगरानी बढ़ाएं और समस्याओं के मूल कारणों को खत्म करें।

# एनटीपीसी टांडा परियोजना प्रमुख ने मीडिया से की चर्चा

### विद्युत उत्पादन और पर्यावरण विषयक सवालों का जवाब

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। एनटीपीसी टांडा परियोजना के सप्तरंग क्लब में शनिवार को परियोजना प्रमुख जयदेव परिदा ने प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों के साथ वार्ता आयोजित की। कार्यक्रम में विभिन्न विभागाध्यक्ष और परियोजना के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत उपमहाप्रबंधक योजना एवं प्रणाली ऋषभ जायसवाल ने परियोजना पर आधारित परिचयात्मक प्रस्तुति से की। इसके बाद सामाजिक दायित्वों पर आधारित एक लघु फिल्म प्रदर्शित की गई, जिसमें परियोजना द्वारा किए गए कल्याणकारी और पर्यावरण संबंधी प्रयासों को दिखाया



गया। वार्ता के दौरान मीडिया प्रतिनिधियों ने विद्युत उत्पादन, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक कल्याण गतिविधियों से जुड़े सवाल पूछे। परियोजना प्रमुख ने बताया कि एनटीपीसी टांडा निरंतर निर्बाध विद्युत उत्पादन सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि परियोजना के सभी कार्यों में पारदर्शिता और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

परियोजना प्रमुख ने मीडिया के



सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि मीडिया ने टांडा परियोजना की रचनात्मक और कल्याणकारी गतिविधियों को जनसामान्य तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन अपर महाप्रबंधक मा0संसा0 रजनीश कुमार खेतान ने किया। कार्यक्रम का संयोजन उपमहाप्रबंधक मा0संसा0 अनुराग सिन्हा और संचालन उपमहाप्रबंधक ऋचा बर्धन ने किया।

## पर्स लूट मामले का 50 हजार का इनामी गिरफ्तार

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। पर्स लूट के मामले में फरार चल रहे 50 हजार के इनामी आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। घटना एक मार्च की है, जब अकबरपुर के हरीपुर गांव की रहने वाली लालमती तमसा मार्ग स्थित एक मैरिज लान में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने जा रही थीं।

रास्ते में बाइक सवार तीन उचक्कों ने उनका पर्स छीन लिया था। पर्स में मोबाइल फोन और आभूषण रखे थे। घटना के बाद तीनों आरोपी मौके से फरार हो गए थे।

घटना की सूचना पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की गई। पुलिस ने इस मामले में शामिल दो किशोरों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

पूछताछ में किशोरों ने लूटे गए




- शादी समारोह में जा रही महिला से छीना गया था पर्स, दो किशोर पहले ही पकड़े जा चुके

सोने के टप्स को बेचने की बात स्वीकार की थी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 10 हजार रुपये, मोबाइल फोन और घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की थी। घटना में शामिल तीसरा आरोपी आदित्य कुमार, जो अकबरपुर क्षेत्र के गौसपुर इलाके का रहने वाला है, फरार चल रहा था। पुलिस अधीक्षक अभिजित आर. शंकर ने उस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था, जिसे बाद में बढ़ाकर 50 हजार कर दिया गया।

### एबीडीएम के क्रियान्वयन में जिले में पहला स्थान, लखनऊ में मिला प्रशस्ति पत्र

# आभा आईडी से पर्चे बनाने में मेडिकल कॉलेज अव्वल

**कार्यक्रम**

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज, सद्दरपुर को आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडी-एम) के प्रभावी क्रियान्वयन में जिले में पहला स्थान मिला है। इस उपलब्धि पर लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में चिकित्सा अधीक्षक डॉ अमित पटेल को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान 25 मार्च को चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग की सचिव रितु माहेश्वरी द्वारा प्रदान किया गया।

सम्मान मिलने के बाद




मेडिकल कॉलेज के एडमिनि-स्ट्रेटिव ब्लॉक सभागार में कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें प्रधानाचार्य डॉ मुकेश यादव ने प्रशस्ति पत्र को अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ साझा किया। उन्होंने सभी को बधाई देते हुए आभा आईडी रजिस्ट्रेशन को शत-प्रतिशत करने पर जोर दिया।

कार्यक्रम में नोडल अधिकारी एचआईएमएस डॉ विवेक श्रीवास्तव, ओपीडी नोडल अधिकारी डॉ सुशील शर्मा, सह नोडल अधिकारी डॉ सुनील यादव सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। मेडिकल कॉलेज में रजिस्ट्रेशन काउंटर पर कंप्यूटर ऑपरेटरों की तैनाती की गई है। इसके साथ ही आभा सहायक भी मौजूद हैं, जो मरीजों की मदद कर रहे हैं।

जो मरीज स्मार्टफोन का उपयोग नहीं कर पाते, उनके लिए पांच काउंटर पर बायोमेट्रिक सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इससे हर मरीज का पंजीकरण सुनिश्चित किया जा रहा है।

#### आभा आईडी से बन रहे पर्चे

राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के निर्देशों के अनुसार अब मरीजों के पर्चे आभा आईडी के माध्यम से बनाए जा रहे हैं। इस व्यवस्था से मरीजों का पूरा स्वास्थ्य रिकॉर्ड ऑनलाइन सुरक्षित रहता है। जरूरत पड़ने पर इसे कहीं भी आसानी से उपयोग किया जा सकता है।

मरीज स्मार्टफोन के जरिए खुद भी पंजीकरण कर सकते हैं और सीधे चिकित्सीय परामर्श ले सकते हैं।

# स्मार्ट और प्रीपेड मीटर शिकायतों के लिए 11 हेल्पलाइन नंबर जारी

### रिचार्ज के बाद बिजली न आने पर तुरंत मिलेगी मदद, 24 घंटे सेवा उपलब्ध

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर । स्मार्ट और प्रीपेड मीटर से जुड़ी बढ़ती शिकायतों को देखते हुए मध्यांचल विद्युत वितरण निगम ने 11 हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। अब उपभोक्ताओं को शिकायत दर्ज कराने के लिए दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने होंगे।

उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए एक हेल्पलाइन नंबर 24 घंटे सक्रिय रखा गया है। खासतौर पर उन मामलों को ध्यान में रखा गया है, जहां रिचार्ज के बाद भी बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हो पाती। तकनीकी कारणों या सर्वर पर दबाव के चलते ऐसी समस्या सामने आती है। जिले के अकबर-पुर, टांडा, जलालपुर और आलापुर डिवीजन में कुल 60,200 उपभोक्ताओं के घर स्मार्ट मीटर



लगाए जा चुके हैं। इनमें से 48 हजार मीटर प्रीपेड में बदले गए हैं। हाल ही में निगेटिव बैलेंस के कारण 12 हजार उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति बाधित हुई थी। इनमें से 8 हजार उपभोक्ताओं ने बकाया जमा कर दिया है, जबकि 4 हजार उपभोक्ताओं की बिजली अभी भी बंद है। विभाग की ओर से बकाया उपभोक्ताओं के यहां जांच की जा रही है। बिजली की बाइपास आपूर्ति के मामलों में तीन उपभोक्ताओं के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पिछले एक महीने में स्मार्ट मीटर से जुड़ी 700 शिकायतें दर्ज की गई थीं।

अधीक्षण अभियंता रजनीश श्रीवास्तव के अनुसार, हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज होते ही संबंधित टीम को सूचना दी जाएगी। समस्या के त्वरित समाधान के निर्देश दिए गए हैं।

**टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर**

- 09084728802,
- 05623520911,
- 05623520914,
- 05623520912,
- 05623520903,
- 05623520901,
- 07849938535,
- 09910990719,
- 07017770537,
- 09457118971

उपभोक्ताओं से समय-समय पर बैलेंस जांचने और समस्या होने पर हेल्पलाइन का उपयोग करने की अपील की गई है।

## जादू शो का आगाज, एमके पंडित के करतब बने आकर्षण का केंद्र

### 16 अप्रैल तक रोज दो शो, नगरवासियों में उत्साह

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर (जलालपुर)। मंगलम मैरिज हॉल में मशहूर जादूगर एमके पंडित के जादू शो की शुरुआत हो गई। कार्यक्रम का उद्घाटन भाजपा नगर अध्यक्ष संदीप अग्रहरि ने फीता काटकर किया। उद्घाटन के साथ ही शो ने दर्शकों का ध्यान खींच लिया।

संदीप अग्रहरि ने कहा कि तेजी से बदलते समय में पारंपरिक कलाएं पीछे छूट रही हैं। ऐसे आयोजन इन विधाओं को बचाने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने इस पहल को सराहनीय बताया।

जादूगर एमके पंडित ने कहा कि जादू जैसी कला आज के दौर में कम होती जा रही है। उनका प्रयास है कि इसे फिर से लोगों के बीच लोकप्रिय बनाया जाए। शो में कई चौंकाने वाले करतब और अद्भुत प्रयोग प्रस्तुत किए जा रहे हैं, जिन्हें देखकर दर्शक हैरान हो रहे हैं। कार्यक्रम के



प्रबंधक आरिफ ने बताया कि जादू शो 16 अप्रैल तक चलेगा। प्रतिदिन दो शो आयोजित किए जाएंगे। इसमें अलग-अलग तरह के जादू के प्रदर्शन किए जा रहे हैं, जिससे हर वर्ग के दर्शक आकर्षित हो रहे हैं।

मीडिया प्रभारी विकास निषाद ने बताया कि आयोजन को लेकर नगर में खासा उत्साह है। बड़ी संख्या में लोग शो देखने पहुंच रहे हैं। यह कार्यक्रम शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है। कार्यक्रम के दौरान मानिकचंद सोनी, रामलाल देवर्षि, अरुण मिश्र, अजीत निषाद समेत कई लोग मौजूद रहे। दर्शकों ने इसे सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने वाला आयोजन बताया।

### आयोजन : समूह से जोड़ने में तेजी के निर्देश, भियांव ब्लॉक की धीमी प्रगति पर कार्रवाई

# अम्बेडकरनगर एनआरएलएम समीक्षा

- बैंकों में लंबित खाते, प्रगति पर असर
- लखपति दीदी योजना में बेहतर प्रदर्शन
- 13511 समूहों का गठन, 1.50 लाख महिलाएं जुड़ीं

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (NRLM) की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला समेत सभी खंड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी (आरडी), सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) और



> बैठक में बताया गया कि 1100 से अधिक समूहों के बैंक खाते खुलने के लिए विभिन्न बैंकों में लंबित हैं, जिससे फीडिंग प्रभावित हो रही है। इस पर अग्रणी जिला प्रबंधक को सभी शाखा प्रबंधकों की बैठक बुलाकर प्रक्रिया तेज करने के निर्देश दिए गए।

विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। समीक्षा में सामने आया कि जनपद में पात्र गृहस्थी और अंत्योदय कार्डधारकों के कुल 2.31 लाख लाभार्थियों को 31 मार्च 2027 तक स्वयं सहायता समूहों से जोड़ने का लक्ष्य है। इसके मुकाबले अब तक 27 हजार लाभार्थियों को जोड़ा गया है, जबकि पोर्टल पर केवल 9950 की फीडिंग हो सकी है। जनपद में लखपति दीदी योजना के तहत 96 प्रतिशत फीडिंग पूरी हो चुकी है। इस प्रदर्शन के साथ जिला टॉप 10 में शामिल है। NRLM डैशबोर्ड पर भी अम्बेडकरनगर लगातार दो माह से प्रदेश में पहले स्थान पर बना हुआ है। अब तक जिले में 13511 स्वयं सहायता समूह बनाए जा चुके हैं, जिनसे 1,50,465 महिलाएं जुड़ी हुई हैं। प्रशासन का लक्ष्य इस संख्या को तेजी से बढ़ाना है।

#### भियांव ब्लॉक में लापरवाही पर सख्त रुख

विकास खंड भियांव में फीडिंग की प्रगति खराब पाए जाने पर सहायक विकास अधिकारी (आरडी) का वेतन रोकने और ब्लॉक मिशन मैनेजर को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

#### शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा करने के निर्देश

जिलाधिकारी ने सभी पंचायत सचिवों को निर्देश दिए कि NRLM कैडर और कोटेदारों के सहयोग से सभी पात्र लाभार्थियों को समूहों से जोड़ा जाए। फीडिंग कार्य में पंचायत सहायकों की मदद लेने को भी कहा गया।

## थाना समाधान दिवस पर डीएम एसपी ने सुनीं जन समस्याएं

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। अकबरपुर थाने में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला और पुलिस अधीक्षक अभिजित आर. शंकर ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने थाना कार्यालय में दर्ज ऑनलाइन शिकायतों की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से जानकारी लेकर समय सीमा के भीतर सभी मामलों के निस्तारण के निर्देश दिए। साथ ही लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने को कहा।

समाधान दिवस में भूमि संबंधी विवादों के कई प्रार्थना पत्र सामने आए। इस पर जिलाधिकारी ने राजस्व और पुलिस अधिकारियों को संयुक्त रूप से मौके पर जाकर जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा



- अकबरपुर थाने में शनिवार को आयोजित हुआ समाधान दिवस, अधिकारियों को दिए निर्देश

कि ऐसे मामलों का गुणवत्तापूर्ण और निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। पुलिस अधीक्षक ने समाधान दिवस पर प्राप्त सभी शिकायतों को तत्काल संबंधित रजिस्टर में दर्ज करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हर शिकायत पर समयबद्ध कार्रवाई होनी चाहिए और इसकी निगरानी भी की जाए।

पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिया कि वे क्षेत्र से आने वाले लोगों की समस्याओं को गंभीरता से लें।

# सम्पादकीय

## खतरे में ट्रंप की साख, युद्ध से निकलने का खोज रहे मौका



अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान के बिजली और ऊर्जा ठिकानों को तबाह करने की धमकी देने के बाद पहले जिस तरह पांच दिन तक इन ठिकानों पर हमले टालने की घोषणा की और अब कहा कि कुछ और दिन की मोहलत दे रहे हैं, उससे यही लगता है कि वे समझौते के मूड में आ गए हैं। हालांकि रह-रहकर वे ईरान को धमकाते भी हैं, पर उन्होंने जिस तरह होर्मुज समुद्री मार्ग खोलने के लिए भी समयसीमा बढ़ा दी, उससे यही लगता है कि वे किसी तरह इस युद्ध से निकलना चाह रहे हैं। उनके ऐसे संकेतों के बाद भी यह कहना कठिन है कि अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच छिड़ा युद्ध थम जाएगा।

इसका कारण यह है कि ईरान बिना इस भरोसे अपने कदम पीछे खींचने के लिए तैयार नहीं कि उस पर फिर हमला नहीं किया जाएगा। जिस तरह ईरान अमेरिका की युद्ध विराम संबंधी शर्तें मानने के लिए तैयार नहीं हो सकता, वैसे ही अमेरिका और इजरायल के लिए भी उसकी शर्तें मानना संभव नहीं।

वास्तव में इसी कारण युद्ध थमता नहीं दिख रहा है। जहां इजरायल ईरान को निशाना बनाने में लगा हुआ है, वहीं ईरान उस पर हमले करने के साथ ही अपने पड़ोसी देशों पर मिसाइलें दाग रहा है। यह स्वाभाविक ही है कि इससे इन देशों का धैर्य जवाब दे रहा है। ये देश इसलिए अधिक परेशान हैं कि ईरान उनके नागरिक और ऊर्जा ठिकानों को भी निशाना बना रहा है।

यदि खाड़ी के देशों ने ईरान पर जवाबी हमले करने शुरू किए तो युद्ध एक नए मोड़ पर पहुंच जाएगा। निःसंदेह ऐसा न तो ट्रंप चाहेंगे और न ही विश्व के अन्य देश, क्योंकि ऊर्जा संकट कम होने का नाम नहीं ले रहा है। इसकी चपेट में भारत समेत अन्य एशियाई देश ही नहीं, यूरोप और अमेरिका भी आ गए हैं।

इस ऊर्जा संकट के लिए प्रत्यक्ष रूप से तो ईरान जिम्मेदार है, जिसने होर्मुज जल मार्ग बाधित कर रखा है, पर परोक्ष जिम्मेदार अमेरिका ही है, जिसने बिना कुछ सोचे-समझे इजरायल के साथ मिलकर ईरान पर हमला बोल दिया। ईरान ने अपनी जवाबी कार्रवाई से न केवल अमेरिका-इजरायल को तंग किया है, बल्कि पड़ोसी देशों को भी। यदि ईरान और अधिक समय तक जवाबी कार्रवाई करने में समर्थ बना रहता है तो अमेरिकी राष्ट्रपति को अपना रुख और नरम करने के लिए बाध्य होना पड़ सकता है। इस स्थिति में उनका प्रभाव कम ही होगा-न केवल अमेरिका में, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी। ध्यान रहे कि विश्वव्यापी ऊर्जा संकट के लिए वही जिम्मेदार माने जा रहे हैं और घरेलू स्तर पर भी उनका विरोध बढ़ रहा है। ईरान युद्ध के पहले उन्होंने जिस तरह वेनेजुएला पर हमला किया और अपनी मनमानी टैरिफ नीति से अपने मित्र देशों समेत दुनिया भर को तंग किया, उसके चलते उनकी विश्वसनीयता और साख पहले ही कम हो चुकी है।

## भारतीयों से भयभीत अमेरिकी, रोकना अमेरिका के लिए भी हानिकारक

हाल में प्यू रिसर्च से जुड़ी खबर में बताया गया कि अमेरिका में रहने वाले तमाम धार्मिक समूहों में हिंदू सबसे अधिक पढ़े-लिखे हैं। इसके बाद यहूदी समुदाय है। 70 प्रतिशत हिंदुओ ने स्नातक या उससे अधिक पढ़ाई की है। इसी क्रम में 65 प्रतिशत यहूदियों के पास स्नातक या उससे अधिक पढ़ाई की योग्यता है। इन दोनों समूहों की तुलना में अमेरिकियों में मात्र 35 प्रतिशत लोगों के पास इतनी शिक्षा है।

मुस्लिम, बौद्ध और ईसाई समूहों में दस में से चार के पास स्नातक तक की शिक्षा है। प्रोटेस्टेंट ईसाइयों के पास भी औसत से अधिक शिक्षा है, जबकि कैथोलिक समूहों की शिक्षा राष्ट्रीय औसत से कम है। प्यू रिसर्च से जुड़ी खबर यह भी बताती है कि अधिकांश भारतीय जो अमेरिका आए हैं, वे उच्च शिक्षा लेकर ही आए हैं।

एक अन्य खबर में बताया गया कि भारतीयों को भारत से बहुत कम शिकायत है। वे अपने देश के निंदा अभियानों में शामिल नहीं होते। सिर्फ तीन प्रतिशत भारतीय ही अपने देश के बारे में नकारात्मक राय रखते हैं। अमेरिका में अपने देश को नापसंद करने वाले लोगों की संख्या 20 प्रतिशत और ब्रिटेन में 29 प्रतिशत है। भारत, स्पेन, कनाडा, इंडोनेशिया आदि देशों के लोगों को इस पर भी गर्व है कि उनके देश में बहुत सी भाषाएं बोली जाती हैं। यह निष्कर्ष 25 देशों के 30 हजार लोगों से बातचीत करके निकाला गया।

अपने ही देश भारत की निंदा करने वाले तीन प्रतिशत लोगों में बुद्धिजीवी तबका और विशेष तौर पर शिक्षा के क्षेत्र में काम करने वाले लोगों की संख्या ज्यादा प्रतीत होती है। इसका एक उदाहरण इस लेखिका को हाल की अमेरिका यात्रा के दौरान मिला। एक बड़े विश्वविद्यालय में भारत के बारे में एक संगोष्ठी थी। वहां जाना हुआ।

**क्षमा शर्मा**

# चिकित्सा मित्रों के बारे में भी विचार करना होगा



डॉ. ओ.पी. मिश्र

> स्वास्थ्य मंत्री ने बातचीत के दौरान यह स्वीकार किया कि देश में मानक के अनुरुप डॉक्टरों की कमी जरूर है लेकिन सरकार यह प्रयास जरुर कर रही है कि हर व्यक्ति को चिकित्सा सुविधा निशुल्क और उसके घर के नजदीक मिले।





हम सब लोग यह बात भली बात जानते हैं कि आज भी अपने देश भारत की 70% आबादी गांवो में रहती है। इसी के साथ यह भी हकीकत है कि 70 फिसदी क्वालिफाइड डॉक्टर अपने अनुभव और ज्ञान की मशाल जलाकर लोगों की जिंदगी में रोशनी करने के लिए गांव में जाना नहीं चाहते।

तो फिर यह सवाल उठना लाजिमी है कि गांव में रहने वाले असली भारत के निवासियों का इलाज कौन करेगा ?

क्योंकि सरकारी डॉक्टर तो गांव जाएंगे नहीं और अगर जाएंगे भी तो रजिस्टर पर। हकीकत में नहीं उनकी जगह कोई अन्य व्यक्ति जाएगा जिसका सरकारी डॉक्टर अपने वेतन का 10-15% देते हैं सरकार या स्वास्थ्य विभाग भले ही यह बात स्वीकार न करें लेकिन हकीकत यही है कि सरकारी डॉक्टर शहर में रहकर अपनी निजी प्रैक्टिस करते हैं और उनके स्थान पर कोई कथित चिकित्सक 15 से 20 हजार रुपये महीने लेकर उनका काम करता है। यह कथित चिकित्सक कोई और नहीं बल्कि चिकित्सा मित्र होता है जो अपने अनुभव के आधार पर ग्रामीणों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराता है। यह वहीं चिकित्सा मित्र है जिसे मीडिया के लोग झोलाछाप डॉक्टर कहती है। यह वहीं चिकित्सा मित्र हैं जिन्हें शहर में रहने वाले बड़े साहब के गांव में रहने वाले माता-पिता अपना इलाज करवाते हैं। यह वहीं चिकित्सा का मित्र है जिन्होंने कोरोना कल में अपनी जान को जोखिम में डालकर लोगों को बहुत सस्ते में इलाज किया था और मृत्यु दर एक प्रतिशत से भी काम रही थी। यह वही चिकित्सा मित्र है जिनकी आफ द रिकॉर्ड जिला प्रशासन ने भी तारीफ की थी । यह वही चिकित्सा मित्र है जो तंबाकू मुक्त भारत अभियान प्रतिवर्ष चलते हैं। यह वहीं चिकित्सा मित्र हैं जो सरकार की स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचने में अहम भूमिका निभाते हैं । इसके बावजूद इन्हें झोलाछाप डॉक्टर कहा जाता है। जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन तथा सीएमओ के द्वारा इनको परेशान किया जाता है प्रताड़ित किया जाता है वसूली की जाती है तथा जेल भेजा जाता है और क्लिनिक सील की जाती है । एक सर्वे के अनुसार इस तरह के अनुभव प्राप्त कथित चिकित्सकों की संख्या पूरे देश में करीब 50 लाख है जिसमें अकेले उत्तर प्रदेश में 18 से 20 लाख के बीच है। अनुभव के आधार पर प्राथमिक उपचार करने वाले तथा आकस्मिक चिकित्सा सुविधा प्रदान करने वाले यह चिकित्सक पिछले करीब 30 वर्षों से अलग-अलग संगठनों के द्वारा अपनी समस्याएं तथा अपनी बातें राज्य सरकारों तक पहुंचा रहे हैं। इसके बावजूद सरकार के कानों पर जू नहीं रेग रही है ।

इसी बीच पता चला है कि बिहार सरकार तथा आंध्र प्रदेश सरकार ने इन बातों का संज्ञान लिया है लेकिन राज्य सरकार कभी गेंद सरकार के पाले में फेंकती है तो कभी केंद्र सरकार कहती है कि यह राज्य सरकारों का जूरिडिक्शन है। इन्हीं तमाम समस्याओं तथा बातों को ध्यान में रखकर 2 दिसंबर 2025 को नई दिल्ली स्थित आंध्र प्रदेश भवन में लगभग 15 राज्यों के उन प्रमुखों को बुलाया गया था जो अपने-अपने राज्यों में कथित झोलाछाप डॉक्टरों को एक समय बद्ध प्रशिक्षण प्रदान कर चिकित्सा मित्र बनाने तथा उन्हें प्राथमिक उपचार का अधिकार प्रदान करने के लिए संघर्ष कर रहे थे। इसमें उत्तर प्रदेश में कार्यरत एक मात्र संगठन इंडियन रूरल मेडिकोज सोसायटी भी शामिल था। बैठक के बाद राष्ट्रीय स्तर पर एक ज्वाइंट एक्शन कमेटी का गठन पूर्व विधान परिषद सदस्य टीडी जनार्दन के नेतृत्व में किया गया । कमेटी का नाम रखा गया ऑल इंडिया बेसिक हेल्थ केयर प्रोवाइडर्स एसोसिएशन तथा इसके अध्यक्ष बनाए गए डॉक्टर के जी गोविंदा रेड्डी।

इस संगठन के आंध्र प्रदेश के अलावा उत्तर प्रदेश, बिहार, हरियाणा, पंजाब , गुजरात , मध्य प्रदेश , राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, तेलंगाना, कर्नाटक के प्रतिनिधि को शामिल किया गया। संगठन की लीगल एडवाइजर के रूप में डॉक्टर एल एन राव तथा को अध्यक्ष के रूप में मुकेश अग्रवाल का चयन हुआ। संगठन के गठन के बाद पिछली 25 मार्च को संगठन के 12 सदस्यीय सिस्ट शिस्टमंडल जिसमें सर्वश्री अंशु तिवारी (बिहार) डॉक्टर ओपी मिश्रा तथा योगेश जायसवाल (उत्तर प्रदेश) धनपाल गोयल (पंजाब) सी एस राव (गुजरात) बी पी राजू (आंध्र प्रदेश) पी मोहन (तेलंगाना ) जी एस प्रसाद (आंध्र प्रदेश) के साथ ही बाला श्रीनिवास राव तथा एम0 सुधाकर प्रमुख थे। ने भारत सरकार के नागरिक उद्दयन मंत्री श्री किंजारपू रममोहन नायडू जी के नेतृत्व में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री जेपी नड्डा से उनके संसद भवन स्थित कक्ष में मिलकर उन्हें एक ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में मांग की गई कि अनुभव के आधार पर कम से कम 10 वर्ष से चिकित्सा कार्य कर रहे चिकित्सकों को पंजीकृत करके प्राथमिक उपचार करने का अधिकार प्रदान किया जाए।

स्वास्थ्य मंत्री श्री नड्डा ने चार पृष्ठ के ज्ञापन को पूरे मनोयोग से पढ़ा और स्वीकार किया कि अमेरिका जैसे विकसित देश में भी इस तरह के हेल्थ प्रोवाइड्स की व्यवस्था है। इस बात का सबूत संगठन के अध्यक्ष डॉक्टर के जी गोविंदा रेड्डी ने अपने तर्कों में दिया जिसकी पुष्टि केंद्रीय नागरिक उद्दयन मंत्री श्री राम मोहन नायडू जी ने की। यह सब सुनने समझने तथा पढ़ने के बाद स्वास्थ्य मंत्री श्री नड्डा जी ने अपने विशेष सहायक को बुलाकर इस पर एक्सरसाइज करने का निर्देश दिया ताकि अनुभव के आधार पर चिकित्सा कार्य करने वाले लाखों लोगों को भी समाज की मुख्य धारा में समाहित किया जा सके। स्वास्थ्य मंत्री ने राज्यों के संगठन प्रमुखों से भी कहा है कि आप अपने राज्य का स्टेटस तथा अपने सदस्यों का डेटा भी हमको उपलब्ध कराए ।

## दो दिवसीय इस समागम ...

डॉ. शैलेश शुक्ला

# इंदौर में 30 -31 मार्च को साहित्यिक पत्रिकाओं का राष्ट्रीय समागम



मध्य प्रदेश साहित्य अकादमी द्वारा आगामी 30 और 31 मार्च को इंदौर में आयोजित किया जा रहा दो दिवसीय 'साहित्यिक पत्रिका समागम' देशभर की साहित्यिक पत्रकारिता से जुड़े संपादकों, लेखकों, शोधार्थियों और प्रकाशन विशेषज्ञों को एक साझा मंच पर लाने वाला महत्वपूर्ण आयोजन माना जा रहा है। हिंदी सहित भारतीय भाषाओं की साहित्यिक पत्र-पत्रिकाओं के समक्ष बदलते समय में उत्पन्न हो रही चुनौतियों, उनके स्वरूप, सामग्री और भविष्य की दिशा पर गंभीर विमर्श के उद्देश्य से आयोजित यह समागम साहित्यिक जगत में विशेष उत्सुकता का केंद्र बना हुआ है। अकादमी के अनुसार, इस आयोजन के माध्यम से साहित्यिक पत्रकारिता के समक्ष उपस्थित आर्थिक, तकनीकी और पाठकीय संकटों पर न केवल चर्चा होगी, बल्कि उनके व्यावहारिक समाधान भी खोजने का प्रयास किया जाएगा। समागम का उद्घाटन 30 मार्च को प्रातः 11 बजे से होगा, जिसमें 'देश और समाज के प्रति साहित्यिक पत्र-पत्रिकाओं का दायित्व बोध : वीणा का शताब्दी संदर्भ' विषय पर विशेष विमर्श आयोजित किया जाएगा। इस सत्र में विभिन्न विश्वविद्यालयों और साहित्यिक संस्थाओं से जुड़े विद्वान तथा प्रतिष्ठित साहित्यिक पत्रिका 'वीणा' के संपादक अपने विचार व्यक्त करेंगे। उद्घाटन सत्र में साहित्यिक पत्रिकाओं की ऐतिहासिक भूमिका, सामाजिक चेतना के निर्माण में उनका योगदान तथा बदलते मीडिया परिवेश में उनकी जिम्मेदारियों पर विशेष चर्चा अपेक्षित है। इसके बाद आयोजित प्रथम सत्र में पत्रिकाओं के स्वरूप और प्रस्तुति को केंद्र में रखते हुए 'जो दिखता है वही बिकता है' विषय पर विमर्श किया जाएगा, जिसमें यह विचार किया जाएगा कि साहित्यिक पत्रिकाओं के कलेवर और लेआउट में आकर्षण की कमी किस प्रकार पाठकों को उनसे दूर कर रही है और उन्हें अधिक पठनीय के साथ-साथ दर्शनीय बनाने की आवश्यकता क्यों है। दोपहर बाद के सत्रों में समागम का स्वर और अधिक व्यावहारिक तथा बहुआयामी हो जाएगा। 'थोड़ी हँसी, थोड़ी खुशी' विषयक सत्र में साहित्यिक पत्रिकाओं में कार्टून और व्यंग्य चित्रों के प्रयोग पर चर्चा होगी, जबकि अगले सत्र में पत्रिका प्रकाशन से जुड़ी प्रशासनिक और आर्थिक प्रक्रियाओं पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया जाएगा। इसमें आर.एन.आई. पंजीयन, दृश्य एवं प्रचार निदेशालय से संपर्क, डाक पंजीयन और वितरण व्यवस्था से संबंधित जटिलताओं को सरल भाषा में समझाया जाएगा। इसी क्रम में सरकारी अनुदान और विज्ञापन प्राप्त करने की प्रक्रियाओं पर भी विशेषज्ञ जानकारी साझा की जाएगी, जो विशेष रूप से छोटे और मध्यम स्तर की पत्रिकाओं के लिए उपयोगी सिद्ध हो सकती है।


दिन के अंतिम चरण में साहित्यिक पत्रिकाओं की घटती प्रसार संख्या और वैश्विक स्तर पर उनके अस्तित्व पर मंडरा रहे संकट पर चर्चा करते हुए संभावित समाधान तलाशे जाएंगे, जिसके बाद सायंकालीन विशेष सत्र में देशभर से आए संपादक अपनी-अपनी पत्रिकाओं के अब तक के योगदान और अनुभव साझा करेंगे।

समागम के दूसरे दिन, 31 मार्च को, विमर्श का केंद्र साहित्यिक सामग्री की गुणवत्ता, कलात्मक प्रस्तुति और आधुनिक मुद्रण तकनीक पर रहेगा। 'छपास की भूख के बीच संपादक धर्म का चीरहरण' विषय पर आयोजित सत्र में पत्रिकाओं में प्रकाशित हो रही रचनाओं के स्तर में गिरावट और संपादकीय मानकों पर पड़ रहे प्रभावों पर गंभीर चर्चा की जाएगी। इसके पश्चात आयोजित सत्र में साहित्य और चित्रांकन के संबंधों पर विचार करते हुए यह देखा जाएगा कि चित्र और कलात्मक प्रस्तुति किस प्रकार साहित्यिक पत्रिकाओं की सौंदर्यात्मकता और पठनीयता को बढ़ा सकते हैं। दोपहर बाद का सत्र आधुनिक मुद्रण तकनीकों और प्रकाशन के बदलते स्वरूप पर केंद्रित रहेगा, जिसमें नई तकनीकों के माध्यम से पत्रिकाओं की गुणवत्ता, प्रसार और लागत प्रबंधन पर प्रकाश डाला जाएगा। दो दिवसीय इस समागम का समापन 'पाथेय' विषयक उद्यापन सत्र से होगा, जिसमें समागम के निष्कर्षों और भविष्य की दिशा पर समग्र विचार प्रस्तुत किए जाएंगे। आयोजन समिति के अनुसार, इस समागम से प्राप्त सुझावों और निष्कर्षों को संकलित कर साहित्यिक पत्रिकाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए एक मार्गदर्शक दस्तावेज तैयार करने की भी योजना है। साहित्यिक पत्रकारिता के समकालीन परिदृश्य में यह आयोजन न केवल संवाद का अवसर प्रदान करेगा, बल्कि साहित्यिक पत्र-पत्रिकाओं के भविष्य को लेकर ठोस रणनीति बनाने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## विश्व स्वास्थ्य...

पुनीत उपाध्याय

# कागज नहीं, अब डिजिटल हेल्थ वॉलेट के इस्तेमाल को बढ़ाने पर जोर



विश्व स्वास्थ्य संगठन (डबल्यूएचओ) और एलायंस फॉर हेल्थ पॉलिसी एंड सिस्टम्स रिसर्च ने टेमासेक फाउंडेशन के साथ मिलकर एक नई तीन साल की पहल शुरू की है। इसका मकसद एसोसिएशन ऑफ साउथ ईस्ट एशियन नेशंस (एसियान) के सदस्य देशों को कागज़ पर आधारित हेल्थ रिकॉर्ड से हटकर सुरक्षितए आपस में जुड़ने वाले डिजिटल हेल्थ वॉलेट ; (डीएचडल्यू) अपनाने में मदद करना है। इस प्रोग्राम का मकसद राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणालियों को मज़बूत करना, देखभाल की निरंतरता को बेहतर बनाना और यह पक्का करना है कि लोगों के पास अपनी ज़रूरी स्वास्थ्य जानकारी तक भरोसेमंद और कहीं भी इस्तेमाल हो सकने वाली पहुंच हो। टेमासेक फाउंडेशन में स्वास्थ्य और वेल.बीइंग के प्रमुख की किर्क चुएन के अनुसार कोविड महामारी ने दिखाया कि हेल्थ रिकॉर्ड का भरोसेमंद, वेरिफ़ाई करने लायक होना और लोगों के साथ सीमाओं के पार भी जा सकना कितना ज़रूरी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के साथ अपनी पार्टनरशिप के ज़रिए टेमासेक फाउंडेशन उन देशों की मदद करने की उम्मीद करता है जो बिखरे हुए कागज़ी रिकॉर्ड से हटकर सुरक्षित डिजिटल हेल्थ वॉलेट अपनाना चाहते हैं जिन्हें लोग जहां भी जाएं अपने साथ ले जा सकें।

एसियान के कुछ सदस्य देशों में इस तरीके को पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर आज़माकर यह दिखाना है कि भरोसेमंद डिजिटल टूल कैसे स्वास्थ्य प्रणालियों को मज़बूत कर सकते हैं। देखभाल की निरंतरता को बेहतर बना सकते हैं। अगर यह कोशिश कामयाब होती है तो यह वैश्विक डिजिटल स्वास्थ्य मानकों को ऐसे व्यावहारिक समाधानों में बदलने में मदद कर सकती है जिनसे इस पूरे क्षेत्र के समुदायों को फ़ायदा हो सकता है। यह पहल कोविड महामारी से मिले सबकों पर आधारित है जिसने भरोसेमंद और वेरिफ़ाई करने लायक डिजिटल स्वास्थ्य दस्तावेज़ों की तत्काल ज़रूरत को दिखाया था। यह अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य विनियमों (आईएचआर 2025) के भी अनुरूप है जो विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त डिजिटल स्वास्थ्य प्रमाणपत्रों की मांग करते हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन में डेटाए डिजिटल स्वास्थ्य एनालिटिक्स और एआइ विभाग के निदेशक डॉण् एलेन लैब्रिक के अनुसार डिजिटल हेल्थ वॉलेट सिर्फ़ एक तकनीकी अपग्रेड से कहीं ज़्यादा हैं। वे भरोसेमंद, लोगों पर केंद्रित स्वास्थ्य प्रणालिया बनाने की एक प्रतिबद्धता हैं। देशों को सुरक्षित, इंटरऑपरेबल समाधान अपनाने में सहायता देकर हम यह सुनिश्चित करते हैं कि व्यक्ति अपनी ज़रूरी स्वास्थ्य जानकारी आत्मविश्वास और गरिमा के साथ अपने पास रख सकें। यह साझेदारी हमारे इस साझा विश्वास को दर्शाती है कि डिजिटल बदलाव को राष्ट्रीय क्षमता को मज़बूत करना चाहिए, समानता को बनाए रखना चाहिए और लचीली स्वास्थ्य प्रणालियों के लिए एक नींव प्रदान करनी चाहिए।

## जरा हटके

## अब गांवों में आटा...

डॉ. शैलेश शुक्ला

# उत्तर प्रदेश के गाँवों की गूँज: प्रगति का पथ और परिवर्तन का प्रकाश

उत्तर प्रदेश की आत्मा इसके गांवों में बसती है और पिछले नौ वर्षों का कालखंड इस सत्य का साक्षी रहा है कि जब नीतिगत स्पष्टता और धरातलीय क्रियान्वयन का संगम होता है, तो दशकों की जड़ता भी गतिशीलता में बदल जाती है। 2017 से 2026 के मध्य उत्तर प्रदेश ने 'बीमारू' राज्य की छवि को पीछे छोड़ते हुए ग्रामीण विकास के उन प्रतिमानों को स्थापित किया है, जिन्हें आज नीति आयोग के 'डेल्टा रैंकिंग' और 'बहुआयामी गरीबी सूचकांक' (MPI) में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) की रिपोर्टों के साथ समन्वय करते हुए भारत के गरीबी सूचकांक बताते हैं कि उत्तर प्रदेश ने करोड़ों लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला है, जिसका सर्वाधिक लाभ ग्रामीण अंचलों को मिला है। यह परिवर्तन केवल सांख्यिकीय सुधार नहीं, बल्कि ग्रामीण जीवन के हर आयाम—चाहे वह बिजली हो, सड़क हो, स्वास्थ्य हो या सुरक्षा—में आया एक बुनियादी बदलाव है। ग्रामीण उत्थान की इस गाथा का सबसे दृश्य स्तंभ बुनियादी ढांचे का सुदृढ़ीकरण है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (PMGSY) के तीसरे चरण के सफल क्रियान्वयन के साथ उत्तर प्रदेश ने अपने ग्रामीण पथों को एक नई पहचान दी है। पिछले नौ वर्षों में राज्य ने लगभग 32,000 किलोमीटर से अधिक ग्रामीण सड़कों का सुदृढ़ीकरण और चौड़ीकरण सुनिश्चित किया है। इन सड़कों ने न केवल कृषि उत्पादों के लिए 'फार्म-टू-मार्केट' पहुंच को सुगम बनाया, बल्कि ग्रामीण युवाओं के लिए शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंचने की बाधाओं को भी समाप्त किया है। अब ग्रामीण क्षेत्रों में मंडी परिषद् और लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित सड़कों का जाल सुदूरवर्ती मजरों को जिला मुख्यालयों से जोड़ रहा है। परिवहन की इस सुगमता ने रसद (Logistics) लागत को कम किया है, जिससे छोटे किसानों की शुद्ध आय में वृद्धि दर्ज की गई है।





ऊर्जा के क्षेत्र में 'सौभाग्य योजना' और 'दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना' ने उत्तर प्रदेश के ग्रामीण परिदृश्य का अंधेरा छटा दिया है। राज्य सरकार के ऊर्जा सुधारों के फलस्वरूप आज गांवों को रोस्टर के अनुसार 18 घंटे की निर्बाध बिजली आपूर्ति मिल रही है। यह आंकड़ा पूर्ववर्ती वर्षों की तुलना में लगभग दोगुना है। बिजली की इस उपलब्धता ने केवल प्रकाश ही नहीं फैलाया, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विविधीकरण का मार्ग प्रशस्त किया है। अब गांवों में आटा चक्की, वेल्डिंग यूनिट और लघु प्रसंस्करण इकाइयां डीजल जनरेटरों के बजाय सस्ती बिजली पर चल रही हैं। इसके अतिरिक्त, 'कुसुम योजना' के माध्यम से सोलर पंपों के वितरण ने सिंचाई की लागत को न्यूनतम किया है, जिससे किसान अब पारंपरिक फसलों के स्थान पर नकदी फसलों की ओर रुख कर रहे हैं। स्वच्छता और स्वास्थ्य के क्षेत्र में आई क्रांति इस कालखंड की सबसे बड़ी उपलब्धि मानी जा सकती है। 'स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)' के तहत उत्तर प्रदेश ने दो करोड़ से अधिक व्यक्तिगत घरेलू शौचालयों का निर्माण कर स्वयं को खुले में शौच मुक्त घोषित किया और अब 'ओडीएफ प्लस' की दिशा में ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन पर कार्य कर रहा है।

# खोज समाधान की

इस धरा पर कोई ऐसा नहीं हैं जिसको कोई न कोई समस्या नहीं हों। वह यह भी है कि पृथ्वी पर ऐसी कोई समस्या नहीं जिसका कोई समाधान नहीं हैं । वह कुछ लोग समस्या को कुछ ज्यादा ही ओढ़ लेते हैं। उनसे हतभागी कोई नहीं यह सोच-सोच कर वह मायूस भी होते रहते हैं। हम जिस युग में जी रहें है वह द्वन्दों से भरा हुआ हैं । हमारे जीवन का हर क्षेत्र चाहे वह सामाजिक हों, आर्थिक हों या मानसिक किसी न किसी रूप में संघर्ष और जटिलता से वह जूझ रहा हैं । यह सृष्टि का स्वाभाविक नियम हैं । जहां द्वन्द हैं वहां समस्या अनिवार्य रूप से उपस्थित होती हैं । मनुष्य ने बार- बार इस धरती को समस्यामुक्त बनाने का प्रयास किया किन्तु ऐसा कभी संभव नहीं हुआ और न ही भविष्य में होगा । वह इसका कारण यह हैं कि जब तक मतभेद, इच्छाएं , विचार और आकांक्षाएं आदि हैं तब तक संघर्ष और असंतुलन बना रहेगा । अब प्रश्न यह नहीं हैं कि समस्याएं क्यों हैं बल्कि यह हैं कि उनका सामना हमारें द्वारा किस दृष्टि से किया जाता हैं । हमारा अत्यधिक चिंतन बेकार में और ज्यादा समस्याएं पैदा करता है।हम कोई भी परिस्थिति हो हमेशा विधायक चिंतन से धैर्यपूर्वक उसका समाधान खोजने की सोचे।गुरुदेव तुलसी की अमृतमयी वाणी हमेशा हमारी स्मृति में रहे कि सदा विधेयात्मक चिंतन रहे । हम क्यों निषेधात्मक भावों में उलझे। हमारा भावशुद्धि से चिंतन विवेक पूर्ण सही सोचने की शक्ति प्रदान करता है।हम कभी भी किसी भी परिस्थिति में सम रहते हुए अपने देव,गुरु और धर्म की शरण पर दृढ़ आस्था रखे तो कभी भी अत्यधिक चिंतन में नहीं उलझते , शांतचित रहते हैं । वह समस्याओं से भागने या उन्हें नकारने की बजाय हमारे द्वारा उनका समाधान खोजना ही जीवन की सच्ची कला हैं । बाहरी और भीतरी दोनों प्रकार की समस्याएं हम मनुष्य के अस्तित्व का हिस्सा हैं । बाहर की दुनिया में अभाव, रोग, असुरक्षा और प्रतिस्पर्धा आदि जैसी चुनौतियां हैं । वह हमारे भीतर की दुनिया में लोभ, क्रोध, वासना, घृणा और छल - कपट आदि जैसी प्रवृत्तियां रहती हैं । बाह्य जगत की समस्याओं को हम मनुष्यों ने खेती, विज्ञान, उद्योग और चिकित्सा आदि के माध्यम से काफी हद तक सुलझाने का हमने प्रयास किया हैं । हमारे भीतर की अशांति आज भी हमको अस्थिर बनायें हुए हैं । हमने भीतर की समस्याओं के समाधान के लिए धर्म और अध्यात्म का मार्ग अपनाया हैं ।

> प्रदीप छाजेड़

# आगरा में मकान मालिक से बदला लेने के लिए वारदात की, लाश कनस्तर में ठूंसी थी

# 8 साल की बच्ची का हत्यारोपी किराएदार एनकाउंटर में ढेर

मुठभेड़

तमसा संकेत, एजेंसी




आगरा । आगरा में कारोबारी मकान मालिक की 8 साल की बच्ची की हत्या का आरोपी किराएदार शनिवार तड़के 3 बजे एनकाउंटर में ढेर हो गया। DCP सिटी सैयद अली अब्बास ने बताया कि शुक्रवार रात मुखबिर से सूचना मिली कि हत्यारोपी फिरोजाबाद भागने की फिराक में है। उन्होंने बताया- पुलिस ने घेराबंदी की तो आरोपी फायरिंग करने लगा। इसमें एक दरोगा को गोली लग गई। जवाबी कार्रवाई में आरोपी को भी गोली लग गई। उसे एसएन मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मुठभेड़ बमरौली कटारा के पास हुई। 29 साल के सुनील ने 24 मार्च को जूता कारोबारी की बच्ची का गला काटकर हत्या कर दी थी। शव को कनस्तर में भर दिया था। करीब 30 घंटे बाद पुलिस ने शव बरामद किया था। तब से वह फरार था। पुलिस ने उस पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। पुलिस जांच में सामने आया था कि 11 दिन पहले बकाया किराए को लेकर बच्ची के चाचा ने उसे थप्पड़ मार दिया था और कमरे पर ताला लगा दिया था। यह बात उसे नागवार गुजरी।

## घर के बाहर से लापता हुई थी बच्ची

सिद्धार्थ नगर गोबर चौकी के रहने वाले कारोबारी का जूते का कारखाना है। कारोबारी के इलाके में 2 मकान हैं। एक घर में वो, पत्नी और 2 बेटियों के साथ रहते हैं। ठीक सामने वाले मकान के ग्राउंड फ्लोर पर फैक्ट्री और गोदाम है। घर के ऊपर एक कमरा किराए पर दे रखा है। इसमें आरोपी पेंटर सुनील रहता था। उन्होंने बताया था कि सुनील पूरे परिवार के साथ ही मोहल्ले में रहता था। कोविड काल के दौरान उसने 25 लाख रुपए में अपना मकान बेच दिया था। इसके बाद किराए पर रह रहे थे। करीब एक साल पहले सुनील के माता-पिता हमारे यहां किराए पर रहने आए थे। तब सुनील उनके साथ नहीं था। मगर, पिछले कुछ समय से सुनील भी यहां आकर रहने लगा था। किराया 2200 रुपए देते थे।

हत्यारोपी सुनील की फोटो देखकर मृतका की दादी ने पुलिस का धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि आरोपी के एनकाउंटर से बहुत खुश हैं। अब जाकर उनको सुकून मिला है। उनकी बेटी को न्याय मिला। पुलिस ने उनका बहुत साथ दिया।



एनकाउंटर के बाद पुलिस अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण किया।

## मां पुलिस से बोली- आरोपी का चेहरा दिखाइए तब यकीन होगा

हत्यारोपी सुनील के एनकाउंटर के बाद मृतक बच्ची की मां ने पुलिस से कहा- हमें आरोपी की डेडबॉडी दिखाइए तब यकीन होगा कि उसका एनकाउंटर हुआ है। इसके बाद परिवार के लोगों ने हंगामा किया। पुलिस ने लोगों को समझाया और फोटो दिखाई तब जाकर सभी शांत हुए।

## पुलिस ने 4 टीमें बनाई थीं, मोहल्ले के सीसीटीवी खंगाले थे

पिता ने बताया था- मैंने पुलिस को सूचना दी। मोहल्ले के लोगों के साथ हम बेटी को आसपास खोजते रहे। पुलिस ने गलियों में लगे CCTV खंगाले। इसमें दोपहर 2:00 बजे बेटी गली के बाहर एक दुकान पर चिप्स का पैकेट लेती नजर आई। फिर वह वहां से वापस जाती दिखी। पुलिस ने देर शाम मेरी तहरीर पर अपहरण की प्राथमिकी दर्ज कर ली। ACP पीयूष कांत राय के नेतृत्व में 4 टीमें बनाईं। पुलिस की एक टीम घर के आसपास के कैमरे देख रही थी। दूसरी टीम घरवालों से बातचीत और पड़ोसियों से पूछताछ कर रही थी।

# मथुरा में रन फॉर एंपावरमेंट का सफल आयोजन

तमसा संकेत, संवाददाता



मथुरा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार के निर्देश पर मिशन शक्ति 5.0 के द्वितीय चरण के तहत जनपद मथुरा में महिला सशक्तिकरण और बाल सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से एक विशेष 'रन फॉर एंपावरमेंट' दौड़ का आयोजन किया गया। इस दौड़ में महिला पुलिस कर्मियों, पुलिस परिवार के बच्चों तथा पुलिस मॉडर्न स्कूल की शिक्षिकाओं सहित कुल 113 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दौड़ पुलिस लाइन गेट से प्रारंभ होकर सिविल लाइन होते हुए नीमबाड़ी तक 2.5 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए संपन्न हुई।

उक्त दौड़ को अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सुरेश चंद्र रावत द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उन्होंने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि मिशन शक्ति महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस की महत्वपूर्ण पहल है। इस तरह के आयोजन न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हैं, बल्कि समाज में महिला सशक्तिकरण का मजबूत संदेश भी प्रसारित करते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों की सराहना की तथा आगे भी ऐसी गतिविधियों में भाग लेने का आह्वान किया। यह आयोजन महावन सहित समस्त सर्किल मुख्यालयों पर भी किया गया, जहां सैकड़ो लोगों ने भाग लेकर महिला एवं बाल सुरक्षा एवं सशक्तिकरण का संकल्प लिया। मिशन शक्ति अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम, प्रशिक्षण शिविर और अन्य गतिविधियां निरंतर चल रही हैं, जो महिलाओं को आत्मरक्षा, कानूनी अधिकारों और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान कर रही हैं।

# नवगठित विभाग कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न विज्ञान प्रसार पर जोर

## कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया

तमसा संकेत, संवाददाता





बरेली। महानगर में नवगठित विभाग कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक महानगर अध्यक्ष श्री सौरभ अग्रवाल के निवास पर सम्पन्न हुई। बैठक में संगठन के विस्तार और कार्यों की दिशा को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। महानगर अध्यक्ष ने संगठन को सशक्त बनाने के लिए अपने विचार साझा किए और कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

बैठक के दौरान विभाग संयोजक डॉ प्रवीण सिंह ने छात्रों के बीच भारतीय विज्ञान के प्रचार-प्रसार हेतु विभिन्न विद्यालयों में संवाद कार्यक्रम आयोजित करने की योजना प्रस्तुत की। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ भारतीय ज्ञान परंपरा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

वहीं, विद्यार्थी विज्ञान मंथन के राज्य समन्वयक श्री रवि शरण ने संगठन विस्तार को गति देने के लिए प्रत्येक विश्वविद्यालय, कॉलेज एवं स्कूल में प्रतिनिधियों की नियुक्ति का प्रस्ताव रखा, जिसे बैठक में सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया।

NEED महानगर प्रमुख डॉ जसपाल सिंह ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर छात्रों को जागरूक और प्रेरित करने हेतु विशेष कार्यक्रमों की योजना प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि युवाओं की सहभागिता से पर्यावरण संरक्षण को जनांदोलन बनाया जा सकता है। प्रांतीय अधिकारी डॉ शिव ओम सिंह राठौड़ ने विज्ञान शिक्षा के साथ-साथ चरित्र निर्माण के महत्व पर अपने विचार रखे और इसे शिक्षा प्रणाली का अभिन्न हिस्सा बनाने पर बल दिया। इसके अतिरिक्त, डॉ धर्मेश गोस्वामी ने संगठन के अब तक के कार्यों की समीक्षा प्रस्तुत करते हुए आगामी योजनाओं पर प्रकाश डाला। बैठक में माधव राव सिंधिया स्कूल की प्राचार्य एवं प्रबंधक की गरिमामयी उपस्थिति भी रही, जिन्होंने शैक्षणिक संस्थानों की भूमिका पर अपने विचार साझा किए।

# प्रेम संबंध छिपाने के लिए बहन ने ली मासूम अनुष्का की जान

# रिश्तों का खून

तमसा संकेत, संवाददाता

सूरतगंज (बाराबंकी)। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के बसारी गांव में 11 वर्षीय मासूम अनुष्का हत्याकांड का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर ऐसा खुलासा किया, जिसने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। इस सनसनीखेज मामले में कोई बाहरी नहीं, बल्कि सगी बड़ी बहन ही हत्यारोपी निकली। प्रेम संबंध उजागर होने के डर में उसने अपने प्रेमी के साथ मिलकर मासूम बहन की गला दबाकर हत्या कर दी।

हत्या के बाद दोनों ने शव को पास के गेहूं के खेत में फेंक दिया और खुद को सामान्य दिखाने की कोशिश की।





## प्यार, डर और फिर हत्या, ऐसे बनी पूरी साजिश

पुलिस जांच में सामने आया कि काजल (18) का पड़ोसी गांव के युवक शिवम (20) से पिछले करीब दो महीनों से प्रेम संबंध चल रहा था। दोनों की मुलाकात फेसबुक के जरिए हुई थी, जो धीरे-धीरे गहरे रिश्ते में बदल गई। होली के दौरान जब परिवार को इस रिश्ते की भनक लगी तो पिता ने काजल का मोबाइल तोड़ दिया और सख्त पाबंदी लगा दी। लेकिन इसके बावजूद काजल चोरी-छिपे शिवम से मिलती रही। यही छुपा हुआ रिश्ता आगे चलकर हत्या की वजह बन गया।

## राज खुलने का डर बना मासूम की मौत का कारण

घटना वाले दिन अनुष्का अपनी बहनों के साथ खेत में मेंथा की रोपाई करने गई थी। इसी दौरान काजल अपने प्रेमी शिवम से पास के खेत में मिलने पहुंची। बताया जा रहा है कि अनुष्का ने दोनों को आपत्तिजनक हालत में देख लिया और घर जाकर सब बताने की बात कही। बस यही बात काजल और शिवम के लिए खतरा बन गई। राज खुलने के डर से दोनों ने मिलकर अनुष्का का गला दबा दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

# राहुल गांधी की आवाज का नमूना लेने की मांग

## सुल्तानपुर कोर्ट में मानहानि केस पर बहस

तमसा संकेत, एजेंसी



सुलतानपुर । सुल्तानपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ चल रहे मानहानि के एक पुराने मामले में शनिवार को सुनवाई हुई। इस दौरान शिकायतकर्ता के वकील ने राहुल गांधी की आवाज का नमूना लेने की मांग की। शिकायतकर्ता के वकील संतोष पांडेय ने दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 311 सहपठित धारा 91 के तहत एक आवेदन प्रस्तुत किया। इसमें राहुल गांधी की आवाज का नमूना लेकर उसे पहले से दाखिल की गई सीडी के साथ विधि विज्ञान प्रयोगशाला (फोरेंसिक लैब) में मिलान कराने का अनुरोध किया गया है।

राहुल गांधी के वकीलों ने इस मांग पर आपत्ति दर्ज कराई। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 6 अप्रैल की तारीख तय की है। अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बताया कि वे अगली सुनवाई पर बचाव पक्ष की आपत्ति पर अपनी बहस प्रस्तुत करेंगे। भाजपा नेता विजय मिश्रा ने यह परिवाद अक्टूबर 2018 में दर्ज कराया था। इस मामले में राहुल गांधी ने 20 फरवरी 2024 को कोर्ट में आत्मसमर्पण किया था, जिसके बाद विशेष मजिस्ट्रेट ने उन्हें 25-25 हजार रुपए के दो मुचलकों पर जमानत दी थी।

**अगली सुनवाई के लिए 6 अप्रैल की डेट मिली**

## शांतिपूर्ण एंव पारदर्शी ढ़ग से बंद वाहनों की नीलामी प्रक्रिया सम्पन्न

बाराबंकी। उप परिवहन आयुक्त परिक्षेत्र अयोध्या राजकुमार सिंह के निर्देश पर पुलिस थानों में लंबे समय से बंद या जब्त वाहनों की नीलामी प्रक्रिया उप सम्भागीय परिवहन कार्यालय पर शांतिपूर्ण एंव पारदर्शी ढ़ग से सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अंकिता शुक्ला, सम्भागीय निरीक्षक प्राविधिक बलवन्त सिंह यादव की देख-रेख मे 12 बजे शुरु हुई। नीलामी मे भाग लेने हेतु सुबह 10 से 11:30 बजे के मध्य बोलीदाताओ ने निर्धारित प्रारुप पर अपनी फोटो, पहचान पत्र, निवास प्रमाण पत्र के साथ एक निश्चित राशि 10 हजार रुपये सुरक्षा के तौर पर जमा कर टोकन प्राप्त किया। जिसके बाद दोपहर 12 बजे जनपद के बड्डुपुर, मसौली, बदोसराय, कोतवाली, कुर्सी, लोनीकटरा, उमरा कुर्सी थानो मे बंद लगभग 40 वाहनो मोटर कैब, थ्री व्हीलर पैसेंजर, मैक्सी कैब, बस, प्राइवेट सर्विस व्हीकल, गुड्स कैरियर की नीलामी प्रक्रिया शुरु हुई।

# बरेली में आयोजित हुआ एक दिवसीय गृह एवं रोजगार मेला

## युवाओं को मिला निःशुल्क रोजगार का अवसर

तमसा संकेत, संवाददाता



बरेली। निदेशक सेवायोजन लखनऊ के निर्देश और जिलाधिकारी बरेली के आदेशानुसार, बीडी सेवायोजन कार्यालय, कोली एवं बरेली कॉलेज बरेली के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय गृह एवं रोजगार मेला का आयोजन आज 27 मार्च 2028 को प्रातः 10:00 बजे किया गया।

रोजगार मेले में तकनीकी एवं गैर-तकनीकी क्षेत्र की कई निजी कंपनियों ने प्रतिभाग किया। प्रमुख कंपनियों में बी.एल. एग्रो, एस.ए.एस. स्टारसी ग्रुप, राष्टिपूर्ति प्राइवेट लिमिटेड, एका फाइनेंस लिमिटेड, आकासी शुष्णामा, फिरिकार्ड, ०००एफ० टावर आदि शामिल थीं। रोजगार मेले का उद्घाटन माननीय जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रश्मि पटेल द्वारा फीता काटकर किया गया। उन्होंने मेले का निरीक्षण करते हुए चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति प्रदान की। इस अवसर पर माननीय कैबिनेट मंत्री श्री धर्मपाल सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए समय-समय पर इस प्रकार के मेले आयोजित कर रही है। उन्होंने अभ्यर्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ उठाते हुए रोजगार के अवसरों का पूर्ण उपयोग करें। मेला में श्री असम कुमार गज, मंत्री वन एवं जलवायु पर्यावरण शासन*, श्री महाराज सिंह, विधान परिषद, और श्री अधीर सक्सेना, महानगर अध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी बरेली, की उपस्थिति रही। सभी ने मेले की सफलता की सराहना की और युवाओं को रोजगार के प्रति जागरूक किया।

धर्मपाल सिंह ने कहा कि युवाओं को निःशुल्क रोजगार प्रदान करना सरकार की प्राथमिकता है और इसका उद्देश्य उत्तर प्रदेश को रोजगार मुक्त बनाना है। वहीं, अन्य मंत्रीगणों ने युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि पारदर्शी नियुक्तियों से प्रदेश में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।


# कार्यालय नगरपालिका परिषद अकबरपुर-अम्बेडकरनगर

पत्रांक-5568/न०पा०परि०अ०/2025-26 दिनांक 20.03.2026

## सार्वजनिक-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद अकबरपुर में संगठित विकास योजनान्तर्गत नई सड़क सब्जीमण्डी शहजादपुर में कुल 32 दुकान (18 दुकाने भूतल पर एवं 12 दुकानें प्रथम तल पर) एवं 01 गोदाम व 01 रेस्टोरेन्ट (रेस्तरा) का निर्माण कराया गया है। जो इष्टरलाकिंग, नाली, जलापूर्ति, विद्युतीकरण जैसी मूलभूत सुविधाओं से युक्त है। उक्त दुकानों का आवंटन नीलामी पद्धति से किये जाने हेतु कार्यालय पत्रांक सं०-5080/न०पा०परि०अ०/2025-26 दिनाक 07.03.2026 को विवरण पुस्तिका प्राप्त करने के लिए दिनांक 18.03.2026 एवं रसीद फार्म जमा करने की तिथि दिनांक-23.03.2026 तक एवं नीलामी की तिथि दिनांक-28.03. 2026 को किये जाने हेतु सार्वजनिक सूचना प्रकाशित की गयी थी। उक्त कार्य हेतु तिथि बढ़ाकर इच्छुक व्यक्ति दिनांक-10.04.2026 तक संगठित विकास योजनान्तर्गत खोले गये खाता संख्या-07830100001072 में धनराशि रु0-1100.00 जमा कर जमा रसीद कार्यालय में उपलब्ध कराकर आवंटन की विवरणिका प्राप्त कर सकते है। विवरणिका प्राप्त करने के उपरान्त विवरणिका के साथ संलग्न फार्म को भरकर एवं उपरोक्त उल्लिखित खाते में दुकान की धनराशि 50-150000.00 व गोदाम की धनराशि रू0-300000.00 एवं रेस्टोरेन्ट (रस्तरा) की धनराशि रू०-500000.00 जमा करके रसीद फार्म के साथ संलग्न करते हुए नगर पालिका कार्यालय में दिनाक-16.04.2026 तक जमा किया जा सकता है। नीलामी की तिथि दिनांक-22.04.2026 को निर्धारित की गयी है। उक्त आवंटन की विवरणिका प्राप्त करने हेतु इच्छुक व्यक्ति को आधार कार्ड/पैन कार्ड/जाति प्रमाण-पत्र की छायाप्रति साथ में लाना अनिवार्य होगा। शेष शर्ते एवं नियम विवरणिका में उल्लिखित है।

अधिशासी अधिकारी
नगरपालिका परिषद
अकबरपुर-अम्बेडकरनगर

अध्यक्ष,
नगरपालिका परिषद
अकबरपुर-अम्बेडकरनगर

# कानपुर-कौशांबी में हाईवे पर पेट्रोल की लूट मची

## हाहाकार

## ड्रम-बाल्टी लेकर पहुंचे लोग, टैंकरों की हुई थी भिड़ंत

तमसा संकेत, एजेंसी

कानपुर, लखनऊ। यूपी में पेट्रोल पंपों पर तीन दिन बाद शनिवार को भीड़ कम है। कहीं-कहीं लाइनें दिख रही हैं। कौशांबी में शनिवार सुबह हाईवे पर डीजल टैंकर और डीसीएम की टक्कर हो गई। टैंकर से डीजल सड़क पर फैल गया। इसकी जानकारी मिलते ही आसपास के गांवों से लोग पहुंच गए और बाल्टियों में डीजल भरकर ले जाने लगे।

इसी तरह की घटना कानपुर में भी सामने आई। यहां शुक्रवार शाम हाईवे पर पेट्रोल टैंकर खराब हो गया। उसी दौरान पीछे से आ रही एक गाड़ी ने उसमें टक्कर मार दी। टक्कर के बाद टैंकर से पेट्रोल रिसने लगा। यह देखते ही लोग ड्रम और बाल्टियों के साथ पेट्रोल भरने में जुट गए। चालक की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर पहुंचकर भीड़ को खदेड़ा। इसी बीच, तेल कंपनियों के यूपी कोआर्डिनेटर संजय भंडारी ने कहा-प्रदेश में कहीं भी पेट्रोल, डीजल या LPG की कोई कमी नहीं है। सभी मांगों को पूरा किया जा रहा है। अफवाहों पर ध्यान न दें। जरूरत के हिसाब से ही ईंधन खरीदें। हमेशा की तरह सात दिन का बैकअप स्टॉक मौजूद है। कौशांबी जिले में NH-2 हाईवे पर शनिवार सुबह डीजल टैंकर और डीसीएम की टक्कर हो गई। हादसा कोखराज थाना क्षेत्र के कल्याणपुर के पास हुआ। टक्कर के बाद टैंकर से बड़ी मात्रा में डीजल सड़क पर फैल गया। डीजल बहता देख आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। लोग बाल्टी, डिब्बे और केन लेकर डीजल भरने लगे। कुछ ही देर में वहां भीड़ लग गई और अफरा-तफरी का माहौल बन गया।




> क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी व पेट्रोलियम कंपनियों के नोडल अधिकारी शिव प्रकाश तिवारी ने बताया कि कुछ पंपों पर स्टॉक खत्म होने की वजह लोगों द्वारा जरूरत से ज्यादा ईंधन जमा करना है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि अफवाहों पर ध्यान न दें और घबराकर भंडारण न करें।

### गोंडा में 17.97 लाख लीटर ईंधन उपलब्ध, 15 पंपों पर स्टॉक खत्म

गोंडा में पेट्रोल-डीजल को लेकर फैली अफवाहों के बीच अब स्थिति धीरे-धीरे सामान्य हो रही है। पहले सुबह 6 बजे से पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें लग रही थीं, लेकिन अब भीड़ कम हो गई है। जिले में कुल 17.97 लाख लीटर ईंधन उपलब्ध है। इसमें 9.82 लाख लीटर डीजल और 8.15 लाख लीटर पेट्रोल शामिल है। जिले में तीनों कंपनियों के 213 पेट्रोल पंप संचालित हैं। इनमें से 15 पेट्रोल पंपों पर फिलहाल स्टॉक खत्म हो गया है। अधिकारियों के अनुसार इन पंपों पर दोपहर तक आपूर्ति पहुंच जाएगी। शहर के कई पंपों पर डीजल खत्म होने से भीड़ कम दिखी, जबकि ग्रामीण इलाकों में लोग अब भी ईंधन लेने पहुंच रहे हैं, हालांकि पहले जैसी भीड़ नहीं है।



कानपुर में शुक्रवार शाम टैंकर से तेल लूटने के लिए भीड़ लग गई। लोग ड्रम और बाल्टी में पेट्रोल भरने लगे।

> सरकार के मुताबिक, पेट्रोल-डीजल खत्म होने की अफवाह के चलते तीन दिनों में पूर्वी यूपी के कई जिलों में पेट्रोल की बिक्री 222% और डीजल की बिक्री 230% तक बढ़ गई थी। इसके चलते पंपों पर लंबी लाइनें लगने लगी थीं।

# 'वैज्ञानिक शोध प्रयोगशाला का भ्रमण सम्पन्न'

तमसा संकेत, संवाददाता

बाराबंकी । विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, उ0प्र0 (विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग उत्तर प्रदेश शासन)के दिशा निर्देशन में जिला विज्ञान क्लब, बाराबंकी द्वारा 'वैज्ञानिक शोध प्रयोगशालाओं के भ्रमण व व्याख्यान कार्यक्रम' के अन्तर्गत डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में 100 विद्यार्थियों का भ्रमण कार्यक्रम का आयोजित किया गया। 'ऑडिटोरियम, राजकीय इण्टर कालेज, बाराबंकी से जिला विद्यालय निरीक्षक ओ पी त्रिपाठी ने हरी झंडी दिखाकर भ्रमण बसों' को रवाना किया । इस कार्यक्रम मे जनपद के 5 विद्यालयों के 100 छात्र-छात्राओं एवं 13 शिक्षकों ने प्रतिभाग किया।

डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में बच्चो को रोबोटिक्स एंड इंडस्ट्रियल ऑटोमेशन लैब, गूगल लैब, सायबर सिक्योरिटी लैब, एआई लैब , इन्नोवेशन लैब, नैनो टेक्नोलॉजी लैब,मैटेरियल केमिस्ट्री एंड सिंथेसिस लैब का भ्रमण एवं अध्ययन कराया गया। एवं संस्थान के रिसर्च स्कॉलर्स द्वारा विद्यार्थियों को रोबोटिक्स से संबंधित प्रयोगशाला भ्रमण में लैब इंचार्ज के नेतृत्व में 6 आयामी पिक एन्ड ड्राप रोबोट, ड्राइंग रोबोट, 3क् प्रिंटिंग एवं वेल्डिंग रोबोट(ं।ड) के कार्य करने के तरीके एवं उनकी बनावट को प्रदर्शित किया गया। विद्यार्थियों को बताया गया कि मानव के निर्देश पर ही रोबोट मनुष्य के तरीके से कार्य करता है।



> वैज्ञानिक दृष्टिकोण करता है तार्किक क्षमता का विकास - डॉ रीना सिंह रजिस्ट्रार

## फास्ट न्यूज

### शॉर्ट-सर्किट से मेट्रो के तीन स्टोर जले

कानपुर । कानपुर में मेट्रो के तीन स्टोरों में शार्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने स्टोर में रखे सामान को अपनी जद में ले लिया और तेज धमाकों के साथ ऊंची–ऊंची लपटें उठने लगी। स्टोर के पीछे स्थित गेस्ट हाउस को लपटों ने अपनी चपेट में ले लिया। गेस्ट हाउस कर्मचारियों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन असफल रहे। सूचना पर फजलगंज फायर स्टेशन से दो गाड़ियां मौके पर पहुंची और एक घंटे में आग पर काबू पाया।

### लोग बोले- एजेंसी सिलेंडर ब्लैक में दे रही

कानपुर । कानपुर में गैस की किल्लत लगातार बढ़ रही है। शहर में गैस के लिए सुबह 5 बजे से लाइने लगी हुई हैं। लाइन में खड़े लोगों ने बताया- गैस बुक करने के बाद, गैस डिलीवरी का मैसेज फोन पर आ जाता है, लेकिन सिलेंडर अभी तक नहीं आया है।

लोगों ने कहा- गैस एजेंसी वाले गैस को ब्लैक में बेंच रहे हैं। हम लोग क्या आत्महत्या कर लें। एजेंसी पर लगी लाइनों में लोग परेशान नजर आए।

ग्वालटोली में भारत गैस एजेंसी पर लाइन में लगे रिहान अहमद ने बताया- हम लोग सुबह 5 बजे से लाइन में लगे हुए हैं। हमने 3 मार्च को सिलेंडर बुक कराया था।

### फुल नहीं हो रही वाहनों की टंकी

आगरा । पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच डीजल-पेट्रोल की आपूर्ति बाधित होने की चर्चाओं का असर अब स्थानीय स्तर पर दिखने लगा है। आगरा में इन दिनों पेट्रोल पंपों पर ईंधन सीमित मात्रा में ही दिया जा रहा है। कई पंपों पर दोपहिया वाहनों में सिर्फ 200 रुपये का पेट्रोल डाला जा रहा है, जबकि कार चालकों को 1000 रुपये तक का ही ईंधन मिल पा रहा है। कुछ जगहों पर पेट्रोल खत्म होने के कारण पंपों को अस्थायी रूप से बंद भी करना पड़ा।

# लापरवाही की रफ्तार ने छीनी दो जिंदगियां

तमसा संकेत, संवाददाता



सूरतगंज (बाराबंकी)। शनिवार शाम फतेहपुर थाना क्षेत्र के ईसेपुर रेलवे क्रॉसिंग पर हुआ दर्दनाक हादसा केवल एक परिवार की त्रासदी नहीं, बल्कि सड़क सुरक्षा और ट्रैफिक नियमों की अनदेखी की गंभीर तस्वीर भी पेश करता है। कुछ ही सेकंड की लापरवाही ने दो महिलाओं की जिंदगी छीन ली, जबकि एक मासूम जिंदगी और मौत के बीच जूझ रही है। स्थानीय लोगों के मुताबिक ईसेपुर रेलवे क्रॉसिंग पर अक्सर फाटक खुलते ही वाहनों की होड़ लग जाती है। शनिवार को भी कुछ ऐसा ही हुआ। फाटक खुलते ही आगे निकलने की जल्दबाजी में वाहन चालक तेजी से बढ़ने लगे। इसी अफरातफरी के बीच पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार परिवार को कुचल दिया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि यदि ट्रक चालक ने गति नियंत्रित रखी होती या सुरक्षित दूरी बनाई होती, तो यह हादसा टल सकता था।

हादसे में सीतापुर के महमूदाबाद थाना क्षेत्र निवासी इंद्रजीत की नवविवाहिता पत्नी खुशी (18) और भाभी पिंकी देवी (28) की मौके पर ही मौत हो गई। खुशी की शादी को अभी ज्यादा समय भी नहीं बीता था। परिवार के लोग बताते हैं कि घर में अभी शादी की खुशियां खत्म भी नहीं हुई थीं कि मातम छा गया। वहीं, तीन वर्षीय मासूम बिट्टू गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## 15 साल पहले भीड़ ने अधमरा किया था, मुरादाबाद डीएम छोड़कर भाग गए थे

# सजा : आईपीएस अशोक सिंह पर जानलेवा हमले में 16 को उम्रकैद

तमसा संकेत, एजेंसी

मुरादाबाद । मुरादाबाद के बहुचर्चित मैनाठेर कांड में 15 साल बाद शनिवार को फैसला आया। IPS अशोक कुमार सिंह पर जानलेवा हमला करने वाले 16 दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई गई। ADJ कोर्ट ने 4 दिन पहले आरोपियों को दोषी करार दिया था। अशोक सिंह इस समय लखनऊ में अपर पुलिस महानिदेशक (ADG) हैं। मामला 2011 का है। तब अशोक सिंह मुरादाबाद के SSP थे। 6 जुलाई, 2011 को पुलिस छेड़छाड़ के आरोपी को पकड़ने गई थी। लेकिन, आरोपियों ने पुलिस पर धार्मिक पुस्तक के अपमान का आरोप लगा दिया था।

इसके बाद भीड़ सड़क पर उतरकर बवाल करने लगी थी। डीएम के साथ समझाने पहुंचे SSP अशोक सिंह पर भीड़ ने जानलेवा हमला कर दिया था। डीएम उन्हें भीड़ में घिरा छोड़कर भाग गए थे।

इस बीच भीड़ ने अशोक सिंह को बेरहमी से पीटा था। फिर उन्हें मरा समझ छोड़कर भाग गई थी। इसके बाद अशोक सिंह करीब एक महीने तक मुरादाबाद के अस्पताल में भर्ती रहे थे। फिर लंबे समय तक उनका दिल्ली एम्स में इलाज चला था, तब जाकर ठीक हुए थे।

अशोक सिंह के हमराही समझे कि एसएसपी भी डीएम की कार में हैं। इसी गलतफहमी में SSP के हमराही भी डीएम की गाड़ी के पीछे ही अपनी गाड़ी भगा ले गए थे। इसके बाद एसएसपी अशोक सिंह भीड़ में अकेले फंसे रह गए थे।




> इस घटना के बाद एसएसपी अशोक सिंह की सुरक्षा में तैनात 7 पुलिसकर्मियों को बर्खास्त कर दिया गया था। एसएसपी अशोक सिंह के पीआरओ ने मैनाठेर थाने में घटना की एफआईआर दर्ज कराई थी। घटना के करीब 15 दिन बाद तक मुरादाबाद का माहौल संवेदनशील रहा था।

### 2 घंटे बाद पहुंची मदद, तब तक लहूलुहान हो चुके थे एसएसपी

हिंसक भीड़ में फंसने के करीब 2 घंटे बाद एसएसपी अशोक कुमार सिंह तक मदद पहुंच सकी थी। तत्कालीन आईजी रेंज एमके बशाल भारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे थे. इसके बाद अशोक सिंह को भीड़ से छुड़ाया गया था। बलवाइयों ने उन्हें मौत के करीब पहुंचा दिया था। करीब एक महीने तक वो मुरादाबाद के साईं अस्पताल में एडमिट रहे। इसके बाद लंबे समय तक AIIMS में उनका इलाज चला था।

### मैनाठेर थाने पर हुआ था पथराव और आगजनी

बात 5 जुलाई, 2011 की है। मैनाठेर थाने के एक गांव में छेड़छाड़ के आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस टीम ने दबिश दी थी। इस दौरान पुलिस ने आरोपी को पकड़ भी लिया था। लेकिन, आरोपियों और कुछ अराजक तत्वों ने यह कहकर शोर मचा दिया कि पुलिस टीम ने दबिश के दौरान धार्मिक पुस्तक (कुरआन) का अपमान किया है। इसके बाद भीड़ सड़क पर उतर आई थी। अगले दिन 6 जुलाई, 2011 को भीड़ ने पहले मैनाठेर थाने पर पथराव किया फिर आग लगा दी थी। बवाल की सूचना पर तत्कालीन एसएसपी अशोक कुमार सिंह फोर्स लेकर हेड ऑफिस से निकले थे। उनके साथ तत्कालीन डीएम राजशेखर भी थे। एसएसपी अशोक सिंह लाउड हेलर से भीड़ को समझाने की कोशिश कर रहे थे। इतने में भीड़ ने पथराव शुरू कर दिया था। भीड़ को उग्र होता देख डीएम राजशेखर अपनी कार में बैठकर निकल गए थे।

## सूरतगंज के विद्यालय में दिखी शिक्षा और संस्कार की मिसाल

# मेधावी छात्र-छात्राओं संग हुआ आदर्श अभिभावकों का सम्मान

तमसा संकेत, संवाददाता

सूरतगंज (बाराबंकी)। शिक्षा के क्षेत्र में अनुशासन और अभिभावकों की भूमिका को रेखांकित करते हुए सूरतगंज के बीआरजी पब्लिक इंटर कॉलेज, बरैय्या में शनिवार को परीक्षा परिणाम वितरण के साथ "आदर्श अभिभावक सम्मान समारोह" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रशासन ने मेधावी छात्रों के साथ उन अभिभावकों को भी मंच पर सम्मानित किया, जिन्होंने बच्चों की पढ़ाई में सक्रिय भूमिका निभाते हुए विद्यालय के नियमों का पूर्ण पालन कराया। कार्यक्रम में प्ले ग्रुप से लेकर कक्षा 12 तक के कुल 270 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इनमें अनिका मिश्रा, इशिता गुप्ता, वैष्णवी मिश्रा, शिवा पाण्डेय, धनंजय दीक्षित, दिपांशु वर्मा, हिना बानो, बबिता, सानिया और सौम्या वर्मा जैसे मेधावी छात्र-छात्राएं शामिल रहे। साथ ही सात अभिभावकों—रामराज, विनोद कुमार, शिवशंकर मिश्रा, अनिल कुमार, देवेंद्र कुमार वर्मा, सुनील कुमार और कमलेश कुमार यादव को "आदर्श अभिभावक" के रूप में सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि रामनगर तहसीलदार विपुल सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों की सफलता केवल उनकी मेहनत का परिणाम नहीं होती, बल्कि इसके पीछे अभिभावकों का त्याग, अनुशासन और सतत मार्गदर्शन भी उतना ही महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने कहा कि परीक्षा के समय घर का वातावरण सकारात्मक और संतुलित होना चाहिए, जिससे बच्चे बिना दबाव के बेहतर प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी छात्र के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में शिक्षकों की भूमिका आधार स्तंभ की तरह होती है, जो न केवल ज्ञान देते हैं बल्कि बच्चों को जीवन के मूल्यों से भी परिचित कराते हैं।






> विद्यालय परिवार की ओर से शिक्षा, अनुशासन और संस्कार के समन्वय पर विशेष बल दिया गया। इस अवसर पर अंजली रस्तोगी, सर्वोदय सिंह, आरडी यादव, संग्राम सिंह, अमित सिंह, श्याम गुप्ता, रोहित मिश्रा, दीपक सिंह सहित बड़ी संख्या में अभिभावक और विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

# घरेलू गैस आपूर्ति की कोई समस्या नहीं : संजीव कुमार

## जिला पूर्ति अधिकारी ने आम-जनमानस को सूचित किया

तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा। जिला पूर्ति अधिकारी संजीव कुमार ने आम-जनमानस को सूचित किया है कि जनपद में इण्डेन गैस कम्पनी के 44, भारत गैस कम्पनी के 11 एवं हिन्दुस्तान कम्पनी के 6 कुल 61 गैस एजेन्सी संचालित है, जिन पर एल0पी0जी उपभोक्ताओं/कनेक्शन धारको द्वारा ऑनलाइन बुंकिग किये जाने के पश्चात् सम्बन्धित गैस एजेन्सी द्वारा 03 से 04 दिन में होम डिलीवरी की जा रही है। उपभोक्ताओं से अपील करते हुए बताया कि वह गैस कम्पनियों द्वारा जारी गाइड लाइन के अनुसार बुंकिग आई0वी0आर0एस0, मिस्डकॉल, व्हाट्सएप, बीबीपीएस (पेटीएम, गूगल) व कम्पनी के एप से ऑनलाइन बुंकिग की व्यवस्था के माध्यम से समुचित लाभ उठायें, अनावश्यक रूप से गैस एजेन्सियों पर जाकर भीड़ न लगाये।



नगरीय क्षेत्रो में डीवीसी/सिंगल गैस धारको को 25 दिन व ग्रामीण क्षेत्र में गैस कनेक्शनधारको को 45 दिन के पश्चात् गैस सिलेण्डर बुंकिग करा सकते है। घरेलू गैस की आपूर्ति में कोई समस्या नही है। कम्पनियों द्वारा केवल व्यवसायिक सिलेण्डरो की आपूर्ति नही की जा रही है। इसी प्रकार जनपद में आई0ओ0सी0एल0 के 103, बी0पी0सी0एल0 के 50, एच0पी0सी0एल0 के 38, रिलांयस जियो बी0पी0 के 04 एव ंनायरा के 10 कुल 205 पेट्रोल पम्प/रिटेल आउटलेट संचालित है, जिन पर ऑयल कम्पनियों द्वारा डीजल/पेट्रोल/सी0एन0जी0 की आवश्यकतानुसार आपूर्ति निर्बाध रूप से जारी है। अफबाहो पर ध्यान न देकर अनावश्यक रूप से पेट्रोल पम्पों पर आवश्यकता से अधिक डीजल/पेट्रोल/सी0एन0जी0 हेतु भीड़ न लगाये। उक्त के अतिरिक्त यह भी सूचित किया जाता है कि टोरेन्ट पावर लिमिटेड द्वारा नगरीय क्षेत्रो में घरेलू पी0एन0जी0 की आपूर्ति पाइप लाइन के माध्यम से की जा रही है।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### जेवर एयरपोर्ट ...

देशवासियों से कहूंगा कि धैर्य और एकजुटता के साथ इस संकट का सामना करें। ये पूरी दुनिया को परेशान करने वाला संकट है।

प्रधानमंत्री ने कहा देश के राजनीतिक दलों से कहना चाहता हूं कि संकट की घड़ी में ऐसी बातें करने से बचें, जो देश के लिए नुकसानदायक हैं। देश को नुकसान पहुंचाने वाली हरकतों को जनता कभी माफ नहीं करेगी।

एयरपोर्ट के पहले फेज का काम पूरा हो गया है। इसमें करीब 3300 एकड़ जमीन पर टर्मिनल और रनवे बनाए गए हैं। यह टर्मिनल हर साल लगभग 1.2 करोड़ यात्रियों को संभाल सकेगा। इस पूरे प्रोजेक्ट पर करीब 11 हजार करोड़ रुपए खर्च हुए हैं।

सपा ने पश्चिमी यूपी को लूट का एटीएम बना दिया था। जब हमारी सरकार बनी तो यूपी में सपा की सरकार थी। शुरू के 2-3 सालों में उन्होंने जेवर एयरपोर्ट का काम नहीं होने दिया, लेकिन जैसे ही यहां भाजपा सरकार बनी तो जेवर एयरपोर्ट की नींव पड़ी, निर्माण हुआ और अब शुरू भी हो गया।

पीएम ने कहा कि हमारी सरकार विकसित भारत के लक्ष्य को लेकर बड़ा निवेश कर रही है। हाईवे और एक्सप्रेसवे पर 17 हजार करोड़ से अधिक खर्च किया गया है। 2014 में रेलवे में सिर्फ 20 हजार किमी रूट का बिजलीकरण हुआ था। अब इसे 40 हजार किमी कर दिया गया है। ब्रॉडगेज से सभी क्षेत्र को जोड़ दिया गया है। कश्मीर से लेकर पूर्वोत्तर भारत तक ट्रेन पहुंच चुकी है। देश में नदी जलमार्गों की संख्या भी बढ़ रही है। विकसित भारत के निर्माण के लिए जरूरी हर क्षेत्र में देश काम कर रहा है।

### पीएम मोदी विपक्ष ...

राजनीति के लिए गलत बयानबाजी करने के लिए राजनीतिक बहस में कुछ नंबर तो पा लेंगे, लेकिन देश को नुकसान पहुंचाने वाली हरकतों को देश की जनता कभी माफ नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में भी कुछ लोगों ने गुमराह किया, झूठ बोले, लेकिन जनता ने चुनावों के दौरान ऐसी राजनीति को नकार दिया। ठुकरा दिया। मुझे भरोसा है कि देश के राजनीतिक दल इससे सबक सीखेंगे और एकजुट प्रयासों को बल देंगे, ताकत देंगे।

### एयरपोर्ट 2040 तक...

कुर्सी जाने के डर से पहले के सत्ताधारी यहां आने से डरते थे। जब यहां सपा सरकार थी और मैंने नोएडा आने का कार्यक्रम बनाया। तब पुराने मुख्यमंत्री (अखिलेश) इतने डरे हुए थे कि वे कार्यक्रम में आए ही नहीं। मुझे भी डराने की कोशिश की गई, कहा गया- नोएडा मत जाइए। अभी-अभी प्रधानमंत्री बने हैं।

### ईरान की जंग में ...

इजरायली सेना के मुताबिक, मिसाइल लॉन्च के बाद दक्षिणी इजरायल के शहरों, खासकर बीयर शेबा के आसपास सायरन बजने लगे. यह इलाका इजरायल के अहम रणनीतिक ठिकानों के करीब माना जाता है. इससे पहले भी ईरान और लेबनान के हिजबुल्लाह की तरफ से लगातार हमले किए जा रहे थे, लेकिन यमन से हमला इस जंग को एक नए मोर्चे पर ले जा सकता है.

दरअसल, हूती विद्रोही लंबे समय से ईरान के करीबी माने जाते हैं और 2014 से उन्होंने यमन की राजधानी सना पर नियंत्रण बना रखा है. 2015 में सऊदी अरब के नेतृत्व में गठबंधन ने इनके खिलाफ सैन्य अभियान शुरू किया था. हालांकि, हाल के वर्षों में सऊदी अरब और हूतियों के बीच एक अस्थायी युद्धविराम बना हुआ था, जिसके कारण अब तक वे इस बड़े संघर्ष से दूर थे.

लेकिन अब हालात बदलते दिख रहे हैं. हूती पहले भी गाजा युद्ध के दौरान लाल सागर में शिपिंग मार्गों को निशाना बना चुके हैं. उनकी क्षमता लंबी दूरी तक हमला करने की है, जिससे न सिर्फ इजरायल बल्कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार और ऊर्जा आपूर्ति पर भी असर पड़ सकता है.

विशेषज्ञों का मानना है कि अगर हूती पूरी तरह इस जंग में शामिल हो जाते हैं, तो यह संघर्ष सिर्फ ईरान-इजरायल तक सीमित नहीं रहेगा. पहले ही लेबनान, इराक और खाड़ी क्षेत्र इस जंग की चपेट में हैं. ऐसे में यमन की एंट्री से यह एक बड़े क्षेत्रीय युद्ध में बदल सकता है.

### पीएम मोदी ने सऊदी ...

यह मीटिंग पहले तुर्किये में होनी थी, लेकिन बाद में इसे पाकिस्तान शिफ्ट कर दिया गया।

रूस की न्यूक्लियर कामों से जुड़ी सरकारी कंपनी रोसएटम का कहना है कि ईरान के बुशहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र के आसपास हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। कंपनी के मुताबिक वहां हो रहे हमले अब सीधे तौर पर परमाणु सुरक्षा के लिए खतरा बन सकते हैं।

इससे पहले अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने भी बुशहर के आसपास हमले की जानकारी दी थी। हालांकि रिएक्टर को कोई नुकसान नहीं हुआ और न ही किसी तरह का रेडिएशन फैला।

### ईरानी अखबार की ...

माना जा रहा है कि यह कदम किसी बड़े सैन्य ऑपरेशन की तैयारी हो सकता है, हालांकि अभी इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

वॉल स्ट्रीट जनरल की रिपोर्ट में कहा गया है कि ये सैनिक पहले से मौजूद अमेरिकी सेना को और मजबूत करने के लिए भेजे जा सकते हैं। उन्हें ऐसे इलाकों में रखा जा सकता है जहां से ईरान के करीब सैन्य कार्रवाई की जा सके।

इसी बीच ईरान के एक अधिकारी ने भी चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका ने जमीन से हमला किया तो हूती लड़ाकों को सक्रिय किया जा सकता है और वे लाल सागर में जहाजों पर फिर से हमले शुरू कर सकते हैं।

### असम में 90 से ज्यादा ...

चंद्रशेखर ने पहले शिवनकुट्टी को बहस की चुनौती दी थी, जिसे मंत्री ने स्वीकार कर लिया था और 29 मार्च को पूजपुरा में बहस आयोजित करने का प्रस्ताव रखा था।

चेन्नई (तमिलनाडु) AIADMK महासचिव एडप्पाडी के. पलानीस्वामी ने उत्तरी चेन्नई क्षेत्र में रोड शो किया।

रंगिया (असम) में शिवराज सिंह चौहान ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने सत्ता में बने रहने के लिए वोट बैंक बनाने के लिए घुसपैठ का मॉडल अपनाया।

भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भाबेश कलिता के समर्थन में आयोजित चुनावी रैली में उन्होंने कहा कांग्रेस सत्ता में थी, तब असम का जल, जंगल और जमीन घुसपैठियों को सौंप दी गई।

पुडुचेरी में 28 मार्च को घर पर वोटिंग के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने 102 साल की बुजुर्ग वोटर के के घर पहुंचे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे रविवार को असम विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी का घोषणापत्र जारी करेंगे। गुवाहाटी में शनिवार को AICC महासचिव जितेंद्र सिंह ने बताया कि यह घोषणापत्र कई महीनों की मेहनत का नतीजा है, जिसके दौरान हमारे नेताओं और सदस्यों ने राज्य भर के लोगों से संपर्क साधा। तमिलनाडु के करूर से कांग्रेस सांसद एस जोतिमणि ने DMK के नेतृत्व वाले गठबंधन के तहत पार्टी की सीट चयन प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता के अभाव का आरोप लगाया है और दावा किया है कि पार्टी के हितों से पूरी तरह समझौता किया गया है। जोतिमणि ने 27 मार्च को सोशल मीडिया पर कहा सीटों का चयन विस्तृत चर्चा और पारदर्शिता के साथ होना चाहिए, इस बारे में हमारी राय को प्रभारी लोगों ने खारिज कर दिया।

### राहुल ने सुधाकरन ...

सुधाकरन, केरल के पूर्व कैबिनेट मंत्री और पूर्व राज्य कांग्रेस अध्यक्ष हैं। वे विधानसभा चुनाव लड़ना चाहते थे लेकिन पार्टी नेतृत्व ने मना कर दिया। इसक कारण वे पार्टी से नाराज थे।

### अयोध्या में मंत्री...

शनिवार को आखिरी दिन यज्ञशाला में मंत्रोच्चारण के बीच 5 हजार से अधिक यजमानों ने आहुति दी। इसके बाद लोग घर चले गए, तभी हादसा हो गया। संयोग अच्छा था कि यज्ञ समाप्त हो चुका था और पूरा पंडाल खाली था।



आईपीएल में सबसे ज्यादा मैच खेलने वालों में महेंद्र सिंह धोनी पहले पायदान पर हैं। वे अब तक 278 मैच खेल चुके हैं। चेन्नई सुपर किंग्स को पांच बार खिताब जिताया है। 38.30 की औसत से 5439 रन बनाए हैं। इस दौरान धोनी ने 24 अर्धशतक भी लगाए हैं। उन्होंने विकेटकीपिंग में 47 स्टंपिंग और 154 कैच भी लपके हैं।

## मांसपेशियों में खिंचाव, सीएसके ने पोस्ट में जानकारी दी

# 2 हफ्ते आईपीएल से बाहर रह सकते हैं धोनी

नई दिल्ली। एमएस धोनी IPL 2026 के शुरुआती दो हफ्ते बाहर रह सकते हैं। चेन्नई सुपर किंग्स (CSK) के पूर्व कप्तान इस समय मांसपेशियों में खिंचाव के कारण रिहैब से गुजर रहे हैं। CSK की ओर से एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि उन्हें काफ स्ट्रेन, यानी पिंडली में खिंचाव है।

धोनी फिलहाल 44 साल के हैं। वे IPL 2026 के सबसे उम्रदराज खिलाड़ी हैं। पिछले सीजन ऋतुराज गायकवाड के चोटिल होने के बाद उन्हें बीच में ही चेन्नई की कप्तानी करनी पड़ी। उन्होंने टीम को 4 में से 3 मैचों में जीत दिलाई थी।

धोनी IPL में 100 मैच जीतने वाले एकमात्र कप्तान हैं। उन्होंने IPL में सबसे ज्यादा 235 मैचों में कप्तानी की है। धोनी अपनी कप्तानी में टीम को 136 मैचों में जीत दिला चुके हैं, जबकि 97 में टीम को हार मिली। धोनी ने



अपनी कप्तानी में CSK को 2023 में आखिरी बार चैंपियन बनाया था। इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर रोहित शर्मा हैं। उन्होंने 158 मैचों में कप्तानी की है और 87 मैच जीते हैं।

धोनी ने IPL 2023 के फाइनल के बाद 1 जून को मुंबई के कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में घुटने की सर्जरी कराई थी। धोनी का ऑपरेशन डॉक्टर दिनशॉ पारदीवाला ने किया था।

### 3 मैचों से हो सकते हैं बाहर

अगर धोनी पूरे 2 हफ्ते यानि 14 दिन तक बाहर रहते हैं तो वो कम से कम 3 मैच नहीं खेल पाएंगे। CSK का पहला मैच 30 मार्च को गुवाहाटी में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ है। इसके बाद उसका अगला मैच 3 अप्रैल को चेन्नई में पंजाब किंग्स के खिलाफ है।

टीम अपना तीसरा मैच 5 अप्रैल को डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ उसके ही घर में खेलेगी, जिसका हर किसी को बेसब्री से इंतजार है। धोनी इन तीनों ही मैच से बाहर रह सकते हैं। उनकी वापसी 11 अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में हो सकती है।

धोनी इंटरनेशनल क्रिकेट से साल 2020 में संन्यास ले चुके हैं। उनके IPL रिटायरमेंट की अटकलें 2023 से ही लगाई जा रही हैं। ऐसा माना जा रहा था कि साल 2026 धोनी का आखिरी साल होगा।

# मरियम नवाज पर तंज करना नसीम शाह को पड़ा भारी

### पीसीबी ने लिया कड़ा एक्शन

नई दिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अपने तेज गेंदबाज नसीम शाह की एक सोशल मीडिया पोस्ट पर उन्हें नोटिस दिया है। नसीम ने बाद में ये पोस्ट हटा ली थी लेकिन फिर भी पीसीबी ने उनसे सफाई पेश करने को कहा है। तेज गेंदबाज ने ये पोस्ट पंजाब की महिला मुख्यमंत्री मरियम नवाज को लेकर लिखी थी।

नसीम ने अपनी पोस्ट में मरियम पर तंज कसते हुए उन्हें क्वीन कहा था और इसी लेकर पीसीबी भड़क गया है। नसीम इस समय पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में रावलपिंडीज के लिए खेल रहे हैं। इस मामले के बाद उनकी मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं।

पीसीबी ने कहा है कि उसने नसीम के खिलाफ अनुशासनहिनता के संबंध में कार्रवाई शुरू कर दी है। पीसीबी ने अपने बयान में कहा, ₹नसीम शाह को तय समय सीमा में



अपना जवाब पेश करना होगा। पीसीबी पेशेवर मानकों, अनुबंध के नियम और खेल की अखंड़ता को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।₹

पीसीबी ने अपने बयान में मामले को या फिर नसीम द्वारा तोड़ गए नियम के तहत क्लॉज का जिक्र नहीं किया है। नसीम पाकिस्तान के उभरते हुए गेंदबाज हैं, लेकिन उनकी हरकत पर पीसीबी कोई ढिलाई बरतने के मूड में नहीं हैं।

मरियम नवाज लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में पीएसएल के पहले मैच में बतौर मेहमान आईं थी और पीसीबी के चेयरमैन मोहसिन नकवी ने उनका स्वागत किया था।

# बांग्लादेश में आईपीएल का प्रसारण हो सकता है

## प्रसारण मंत्री बोले- देश में ब्रॉडकास्ट पर कोई रोक नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

बांग्लादेश ने IPL 2026 के प्रसारण को लेकर अपने रुख में बड़ा बदलाव किया है। सरकार ने संकेत दिए हैं कि अब देश में IPL के मैचों के प्रसारण की अनुमति दी जा सकती है।

दरअसल, इससे पहले प्रोफेसर यूनुस के नेतृत्व वाली बांग्लादेश सरकार ने IPL के प्रसारण पर रोक लगा दी थी। यह फैसला तब लिया गया था जब तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को IPL टीम से बाहर किए जाने को लेकर विवाद हुआ था, जिससे देश में नाराजगी बढ़ गई थी।

बांग्लादेश के नए सूचना एवं प्रसारण मंत्री जाहिर उद्दीन स्वपन ने कहा कि उनके देश (बांग्लादेश)



में IPL के प्रसारण पर कोई रोक नहीं है। इससे पहले, युवा और खेल मामलों के राज्य मंत्री अमीनुल हक ने क्रिकबज से बातचीत मे कहा था कि पिछली अंतरिम सरकार द्वारा IPL के प्रसारण पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद वे इस संबंध में संबंधित अधिकारियों से बात करेंगे। डॉयचे वेले ने स्वपन के हवाले से कहा, IPL का प्रसारण करने के लिए किसी ने भी हमसे संपर्क नहीं किया।

हम खेल में राजनीति को नहीं मिलाना चाहते। हम इसे व्यावसायिक नजरिए से देखेंगे, और अगर कोई चैनल IPL का प्रसारण करने के लिए आवेदन करता है, तो हम उस पर पॉजिटिव रूप से विचार करेंगे। 3 जनवरी को कोलकाता नाइट राइडर्स (KKR) ने मुस्तफिजुर को टीम से बाहर कर दिया था। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रही हिंसा के बीच उन्हें टीम से हटाने की मांग उठ रही थी। इसके बाद BCCI ने शाहरुख खान की IPL टीम KKR को मुस्तफिजुर रहमान को हटाने का आदेश दिया था, जिसके बाद यह फैसला लिया गया।

### मैदान पर उतरते ही ईशान किशन के नाम होगा बड़ा रिकॉर्ड

नई दिल्ली। आईपीएल-2026 की शुरुआत आज से हो रही है। सीजन के पहले मैच में मौजूदा विजेता रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू का सामना सनराइजर्स हैदराबाद से होगा। इस मैच में हैदराबाद की कप्तानी युवा बल्लेबाज ईशान किशन करेंगे क्योंकि पैट कमिंस चोट के कारण कुछ मैचों से बाहर हैं। किशन जैसी ही मैदान पर उतरेंगे वैसे ही अपने नाम एक रिकॉर्ड कर लेंगे। कमिंस को पीठ में चोट है जिसके कारण वह शुरुआती कुछ मैचों से बाहर हो सकते हैं। हालांकि, वह टीम के साथ हैं और सफर कर रहे हैं। ईशान ने अपनी कप्तानी में झारखंड को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी जिताई थी।

इस मैच में कप्तानी करने के साथ ही ईशान अपने नाम एक बड़ा रिकॉर्ड कर लेंगे। वह हैदराबाद के लिए आईपीएल में कप्तानी करने वाले सबसे युवा कप्तान होंगे। ईशान इस समय 27 साल 253 दिनों के हैं। वहीं वह ओवरऑल फ्रेंचाइजी के दूसरे सबसे युवा कप्तान होंगे।

# बुमराह मुंबई इंडियंस टीम से जुड़े

## पांच दिनों से बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में थे, केकेआर के खिलाफ पहला मैच खेल सकते हैं

नई दिल्ली। जसप्रीत बुमराह मुंबई इंडियंस (MI) टीम से जुड़ गए हैं। खबरों के मुताबिक, वे शुक्रवार शाम टीम होटल पहुंचे। बुमराह रविवार को मुंबई में कोलकाता नाइट राइडर्स (KKR) के खिलाफ खेल सकते हैं।

बुमराह पिछले पांच दिनों से बेंगलुरु स्थित BCCI के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (CoE) में थे और अपने फिटनेस और वर्कलोड मैनेजमेंट पर काम कर रहे थे।

बुमराह ने 2013 में MI के लिए डेब्यू किया था और तब से वे टीम के सबसे अहम गेंदबाजों में शामिल हैं। उन्होंने 148 मैचों में 186 विकेट लिए हैं। वे मुंबई के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों में दूसरे नंबर पर हैं। उन्होंने 2013, 2015, 2017, 2019 और 2020 की खिताबी जीत में बड़ी भूमिका निभाई है।

विल जैक्स और सैंटनर अब तक नहीं जुड़े

MI टीम के विल जैक्स और मिचेल सैंटनर अभी तक स्क्वॉड से नहीं जुड़े हैं। दोनों खिलाड़ी 27 मार्च को हुए जरूरी प्रैक्टिस सेशन में भी नजर नहीं आए। हालांकि, उनकी अनुपस्थिति के पीछे इंटरनेशनल क्रिकेट शेड्यूल और आराम को वजह माना जा रहा है। खासकर सैंटनर हाल ही में साउथ अफ्रीका के खिलाफ न्यूजीलैंड टीम की कप्तानी कर रहे थे और उन्हें सीरीज के बाद ब्रेक दिया गया था।



> बुमराह पिछले सीजन में शुरुआती चार मैच नहीं खेल पाए थे। टीम उन मुकाबलों में से तीन हार गई थी। हालांकि मुंबई इंडियंस किसी तरह प्लेऑफ में जगह बनाने में सफल रही, लेकिन टीम चौथे स्थान पर ही रह सकी।

### हेड टु हेड में मुंबई का पलड़ा भारी

मुंबई इंडियंस का कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ रिकॉर्ड काफी मजबूत है। दोनों टीमों के बीच खेले गए 35 मुकाबलों में MI ने 24 मैच जीते हैं, जबकि KKR को 11 जीत मिली है।

## मनोरंजन

## पेट के इंफेक्शन से बिगड़ी हालत, 14 दिन में 4 किलो वजन घटा

# ऋतिक की गर्लफ्रेंड सबा आजाद अस्पताल में एडमिट

नई दिल्ली, एजेंसी

बॉलीवुड एक्ट्रेस सबा आजाद ने अस्पताल से अपनी तस्वीर शेयर कर बताया कि उन्हें इंफेक्शन हो गया था, जिससे उनकी हालत बिगड़ गई। सबा ने शुक्रवार को इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, "मेरी जिंदगी के सबसे खराब 14 दिन। साइक्लोस्पोरा कैटेनेन्सिस, तुम सच में बहुत खतरनाक हो! मैं हमेशा घर का खाना खाती हूं, हर जगह अपनी पानी की बोतल लेकर चलती हूं, फिर भी ये पेट का इंफेक्शन अचानक हो गया। वो भी साल के सबसे व्यस्त समय में।"सबा ने आगे



> लास्ट में सबा ने बताया कि उनकी तस्वीर ऋतिक रोशन ने ली, जो मेरे खराब मूड में भी हंसी ढूंढ लेते हैं। साथ ही मजाकिया अंदाज में लिखा, "मैं जितनी दिख रही हूं, उतनी दुबली नहीं हुई हूं, बेड बड़ा है और एंगल वाइड है।"

लिखा, "दो हफ्तों में मेरा 4 किलो वजन कम हो गया, जो पहले से ही ज्यादा नहीं था। हालत ऐसी है कि ठीक से चल भी नहीं पा रही हूं। एक दिन मैं दिन में दो बार ट्रेनिंग कर रही थी, पुल-अप्स और भारी वेट उठा रही थी और अगले ही दिन इतनी कमजोर हो गई कि एक टूथपिक तक उठाने की ताकत नहीं बची। इसलिए प्लीज, अपने पेट का ध्यान रखें। सलाद और सब्जियों को अच्छे से धोएं, जैसे आपकी जिंदगी उसी पर निर्भर हो, क्योंकि कभी-कभी सच में होती है!"

वर्कफ्रंट की बात करें तो ऋतिक जल्द डायरेक्टर के तौर पर डेब्यू करने वाले हैं। वे 'क्रिश 4' को डायरेक्ट कर रहे हैं और साथ ही प्राइम वीडियो की 'स्टॉर्म' नाम की वेब सीरीज भी बना रहे हैं।

### सबा 2021 से ऋतिक को डेट कर रही हैं

ऋतिक और सबा 2021 से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। दोनों को डिनर डेट्स और करण जौहर की 50वीं बर्थडे पार्टी में साथ देखा गया, जिसके बाद उनके रिश्ते की चर्चा सोशल मीडिया पर हुई थी। इसके बाद दोनों ऋतिक की एक्स वाइफ सुजैन और उनके बॉयफ्रेंड अर्सलान गोनी के साथ भी नजर आए। अर्सलान और सुजैन भी 2022 से डेट कर रहे हैं।



## धुरंधर 2 को असदुद्दीन ओवैसी ने बताया बकवास

# 'ये कोई फिल्म है'

नई दिल्ली। लोकसभा सांसद और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (AIMIM) के अध्यक्ष, असदुद्दीन ओवैसी को आदित्य धर निर्देशित फिल्म धुरंधर 2 कुछ खास पसंद नहीं आई।

एक शिखर सम्मेलन में बातचीत के दौरान उन्होंने फिल्म को 'बकवास' बताया और इसकी आलोचना की। ओवैसी ने कहा कि इस तरह की फिल्में हिंसा को बढ़ावा देती हैं।

टाइम्स समिट में बातचीत के दौरान जब ओवैसी से धुरंधर को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा- 'पिक्चर है वो? तीन घंटे बकवास। मेरे पास इतना टाइम नहीं कि मैं तीन घंटे की फिल्म देखूं। मैं बस इतनी आशा करता हूं कि मैं जब एक घंटे बोलूं तो लोग मुझे सुनें।'

उन्होंने आगे कहा- 'इस फिल्म में गाली-गलौज और हिंसा को बढ़ावा देने के अलावा और क्या है? तीन घंटे देखने के बाद तो मन में यह सवाल उठता है कि क्या मुसलमानों को गाली देना जरूरी है या नहीं। भला किसके पास इतना समय है यह सब देखने का?' जब होस्ट ने उनसे फिर कहा कि दुनिया फिल्म देख रही है और उन्हें पसंद आ रही है। इस पर ओवैसी बोले- 'हम हैदराबाद में बोलते हैं कि प्यारे इन चीजों को दिल पर मत लो, मुर्दे पर लो। तो हम मुर्दे पर लेकर छोड़ देते हैं उसको।'

बता दें कि तमाम आलोचना के बावजूद धुरंधर 2 बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई कर रही है। फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 716 करोड़ रुपये और 9 दिन में दुनियाभर में 1100 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है। आदित्य धर द्वारा लिखित और निर्देशित, धुरंधर फिल्मों का निर्माण ज्योति देशपांडे, आदित्य और लोकेश धर द्वारा जियो स्टूडियोज और बी62 स्टूडियोज के बैनर तले किया गया है।

# कंतारा अध्याय 1 एक्टर्स ऋषभ शेट्टी और रुक्मिणी वसंत के बीच अनबन

## ऋषभ शेट्टी ने रुक्मिणी वसंत को इंस्टाग्राम पर किया अनफॉलो



नई दिल्ली। ऋषभ शेट्टी पिछले साल अपनी फिल्म कांतारा चैप्टर 1 को लेकर चर्चा में थे। एक्टर एक बार फिर स्पॉटलाइट में आ गए हैं लेकिन इस बार वजह फिल्म नहीं बल्कि फिल्म से जुड़ी कास्ट है। दरअसल ऐसी खबर आ रही है कि ऋषभ शेट्टी और एक्ट्रेस रुक्मिणी वसंत जिन्होंने फिल्म में रानी कनकवती का रोल निभाया था उनके बीच अनबन हो गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ऋषभ ने उन्हें अनफॉलो कर दिया है। बैंग्लोर टाइम्स में छपी एक रिपोर्ट के मुताबिक ऋषभ ने इंस्टाग्राम पर कांतारा चैप्टर 1 की एक्ट्रेस रुक्मिणी वसंत और राज बी शेट्टी को इंस्टाग्राम पर अनफॉलो कर दिया है। लिस्ट में दोनों एक्टर्स का नाम ना होने की वजह से ये अनुमान लगाया जा रहा है कि दोनों के बीच कोई टेंशन जरूर हुई है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि उनके बीच कोई अनबन है या यह बिना किसी कारण के उन्होंने ऐसे ही अनफॉलो किया है। ऋषभ ने होम्बले फिल्म्स को अनफॉलो कर दिया है, लेकिन वह सोशल मीडिया पर इसके हेड विजय किरागंदूर को अभी भी फॉलो कर रहे हैं। ऋषभ शेट्टी को आखिरी बार मुख्य भूमिका में 'कंतारा: चैप्टर 1' में देखा गया था। ऋषभ शेट्टी इस फिल्म के निर्देशिक भी थे। यह फिल्म पहली फिल्म से कई सदियों पहले की पृष्ठभूमि पर आधारित थी। यह भांगड़ा के एक क्रूर राजा की कहानी है जो मसालों से समृद्ध, शांतिप्रिय कांतारा जनजाति के घर, एक भूमि पर कब्जा करना चाहता है। जब वह आक्रमण करता है, तो दिव्य आत्माएं पंजुर्ली दैव और गुलिगा दैव प्रकट होते हैं और उसे मार डालते हैं।



## प्रियंका चोपड़ा की ऑस्कर में युद्ध मुद्दे पर चुप्पी की भी आलोचना की

# अनीत पड्डा की बहन रीत ने धुरंधर 2 को बताया प्रोपेगैंडा

नई दिल्ली। एक्ट्रेस अनीत पड्डा की बहन रीत ने धुरंधर 2 को प्रोपेगैंडा फिल्म बताया और एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा की ऑस्कर सेरेमनी के दौरान युद्ध मुद्दे पर चुप्पी की आलोचना की।

दरअसल, इंस्टाग्राम पर एक यूजर ने रीत के पहले के पोस्ट और राजनीतिक मुद्दों पर उनके रुख पर सवाल किया गया था। जिसके बाद रीत ने जवाब देते हुए लिखा कि वह आमतौर पर सोशल मीडिया पर बहस में शामिल नहीं होतीं, लेकिन इस बार उन्होंने हर मुद्दे पर अपनी बात रखने का फैसला किया। रीत ने कहा कि धुरंधर 2 सरकार के पक्ष में एक नैरेटिव दिखाती है और इसमें राजनीतिक भाषणों के जरिए नोटबंदी जैसे फैसलों को सही ठहराने की कोशिश की गई है। उन्होंने द कश्मीर फाइल्स और द केरल स्टोरी पर भी सवाल उठाए। रीत के मुताबिक इन फिल्मों में दिखाए गए आंकड़े बढ़ा-चढ़ाकर पेश किए गए हैं, जो एक समुदाय के खिलाफ नैरेटिव बनाने का काम करते हैं।

> रीत ने कहा कि वह चाहती हैं कि पब्लिक फिगर्स सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों पर खुलकर अपनी राय रखें। उनका कहना है कि उनका विरोध किसी व्यक्ति से नहीं, बल्कि उन सोच से है जो राजनीति में धर्म को लाकर हिंसा को बढ़ावा देती हैं।



उन्होंने यह भी कहा कि पंजाब '95 जैसी फिल्में, जो अलग राजनीतिक दृष्टिकोण दिखाती हैं, उन्हें रिलीज में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

रीत ने प्रियंका चोपड़ा के ऑस्कर में व्यवहार पर भी कमेंट किया। उन्होंने कहा कि प्रियंका के पास एक मौके पर युद्ध के खिलाफ खड़े होने का अवसर था, लेकिन उन्होंने कोई रिएक्शन नहीं दिया।

उन्होंने यह भी कहा कि अगर उनकी बहन को ऐसा मौका मिलता है, तो वह उम्मीद करती हैं कि वह अपनी बात रखेंगी।

C M Y K

## ईरान जंग के बीच ट्रम्प ने दिया बयान कब्जे के लिए सेना का इस्तेमाल कर सकते हैं, पहले कह चुके- हासिल करके रहूंगा

# 'अगला नंबर क्यूबा का'

**बयान**

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने एक बड़ा बयान देते हुए कहा है कि अब अगला नंबर क्यूबा का है। यह बात उन्होंने शुक्रवार को मियामी में एक बिजनेस समिट के दौरान कही।

ट्रम्प ने हालांकि साफ तौर पर यह नहीं बताया कि क्यूबा के खिलाफ उनका अगला कदम क्या होगा, लेकिन उन्होंने इशारा दिया कि जरूरत पड़ी तो सैन्य ताकत का इस्तेमाल भी किया जा सकता है।

ट्रम्प ने कहा-मैंने अमेरिकी सेना को बहुत मजबूत बनाया है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि इसका इस्तेमाल करना पड़ेगा, लेकिन कभी-कभी ऐसा करना पड़ता है। वैसे क्यूबा का अगला नंबर है।




15 मार्च को पत्रकारों से क्यूबा के बारे में बात करते हुए ट्रम्प

हालांकि इसके तुरंत बाद ही उन्होंने कहा- ऐसा समझो कि मैंने यह कहा ही नहीं है। व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि वे क्यूबा को आजाद कर सकते हैं या अपने कब्जे में ले सकते हैं, और उनके पास कुछ भी करने की क्षमता है। 1898 में स्पेन-अमेरिका युद्ध के बाद क्यूबा स्पेन से आजाद हुआ, लेकिन असली कंट्रोल अमेरिका के हाथ में चला गया।

### क्यूबा में निवेश का मौका बनाना चाहते हैं ट्रम्प

ट्रम्प के बयान से यह भी साफ होता है कि वह क्यूबा को सिर्फ राजनीतिक नहीं, बल्कि कारोबारी नजरिए से भी देख रहे हैं। वह पहले से ही इस द्वीप में निवेश की संभावना देखते रहे हैं। 1998 में उनकी कंपनी ने चुपचाप क्यूबा का दौरा कराया था। 2011-12 में भी उनके संगठन के लोग वहां गोल्फ कोर्स बनाने की संभावनाएं देख चुके हैं। 2016 के चुनाव प्रचार के दौरान भी ट्रम्प ने कहा था कि क्यूबा निवेश के लिए अच्छा मौका हो सकता है। अब उन्होंने फिर कहा, "वे हमसे बात कर रहे हैं। यह एक असफल देश है। उनके पास न पैसा है, न तेल, कुछ भी नहीं है।"



फिदेल कास्त्रो ने 1959 से 2008 तक करीब पांच दशक तक क्यूबा की कमान संभाले रखी।

### क्यूबा से बातचीत जारी है

हालांकि इतनी सख्त बातें कहने के बावजूद, अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि बातचीत के रास्ते अभी भी खुले हैं और क्यूबा के नेताओं से बातचीत जारी है। क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डियाज-कैनल ने भी माना है कि अमेरिका से बातचीत हो रही है। उन्होंने संकेत दिया कि टकराव से बचने के लिए क्यूबा बातचीत करना चाहता है, जबकि अमेरिका का दबाव बढ़ता जा रहा है। कुल मिलाकर, ट्रंप का क्यूबा पर फोकस दिखाता है कि उनकी विदेश नीति अब ज्यादा आक्रामक और सीधे संदेश देने वाली हो गई है।



क्यूबा के राष्ट्रपति मिगेल डियाज कानेल इस महीने में पहले भी कह चुके हैं कि क्यूबा ने अमेरिकी सरकार के साथ बातचीत की है।

### तेल सप्लाई रोक चुका है अमेरिका

असल में, अमेरिका पहले से ही क्यूबा पर दबाव बना रहा है। जनवरी से अमेरिका ने क्यूबा को हो रही तेल सप्लाई को लगभग रोक दिया है। दूसरे देशों को भी चेतावनी दी जा रही है कि वे क्यूबा को तेल न दें। हाल ही में अमेरिकी कोस्ट गार्ड ने कोलंबिया से क्यूबा जा रहे एक तेल टैंकर को भी रोक लिया। इसका असर क्यूबा में साफ दिख रहा है। 9 जनवरी के बाद से वहां कोई बड़ी तेल सप्लाई नहीं पहुंची है। वहां हालात तेजी से खराब हो रहे हैं। क्यूबा के ब्लैक मार्केट में पेट्रोल करीब 35 डॉलर प्रति गैलन तक पहुंच गया है रोजाना बिजली कट रही है, सोमवार को पूरे देश में ब्लैकआउट हुआ। अस्पतालों में सर्जरी टल रही हैं। दवाइयों की कमी हो रही है और खाने की समस्या बढ़ रही है। इन हालात में क्यूबा की सरकार पर दबाव बढ़ गया है।

### आर्थिक संकट से जूझ रहा है क्यूबा

ट्रम्प का यह बयान ऐसे समय में आया है जब क्यूबा गहरे आर्थिक संकट से जूझ रहा है। वेनेजुएला से तेल सप्लाई बंद होने के बाद वहां ईंधन की भारी कमी हो गई है, जिससे हालात और खराब हो गए हैं।

अमेरिका की मदद से हुई कार्रवाई के बाद वेनेजुएला के नेता निकोलस मादुरो को हटाया गया, जिससे क्यूबा की बड़ी ऊर्जा सप्लाई कट गई। ट्रम्प पहले भी कह चुके हैं कि क्यूबा की सरकार गिरने के करीब है और उन्होंने 'फ्रेंडली टेकओवर' (दोस्ती के नाम पर कब्जा) की बात भी की है। इस महीने की शुरुआत में उन्होंने कहा था कि यह 'फ्रेंडली टेकओवर' हो सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें 'सम्मान' मिलेगा अगर वे किसी रूप में क्यूबा को अपने नियंत्रण में ले लें।

**फास्ट न्यूज**

### सोना इस हफ्ते 4,276 सस्ता, 1.43 लाख पर आया

नई दिल्ली । इस हफ्ते सोने-चांदी के दाम में गिरावट रही। सोना हफ्तेभर में 4,276 रुपए गिरकर 1.43 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। वहीं, चांदी 2.32 लाख किलो से गिरकर 2.21 लाख रुपए पर पहुंच गई है। अमेरिका-इजराइल की ईरान से चल रही जंग की वजह से निवेशक अपनी 'गोल्ड होल्डिंग्स' बेचकर कैश (डॉलर) इकट्ठा कर रहे हैं, ताकि बाजार की अस्थिरता से निपट सकें।

### पांच महिलाएं, 29 साल का सबसे कम उम्र का मंत्री

नेपाल में बालेन युग की शुरुआत हो गई है। शुक्रवार को काठमांडू में राष्ट्रपति कार्यालय में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल ने बालेंद्र शाह उर्फ बालेन को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। बालेंद्र शाह के साथ कई प्रमुख विभागों के मंत्रियों ने पद और गोपनीयता की शपथ ली।

रैपर से नेता बने 35 वर्षीय बालेन नेपाल के सबसे कम उम्र के प्रधानमंत्री बने हैं। उनके शपथ ग्रहण समारोह में हिंदू-बौद्ध परंपराओं का मिश्रण देखने को मिला। बालेन सरकार की सबसे खास बात यह है कि इतनी मंत्रिपरिषद की औसत उम्र लगभग 35 वर्ष है।

### अमेरिका-ईरान के बीच जंग में अब यमन की एंट्री

नई दिल्ली। अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच चल रही जंग में अब यमन की एंट्री हो गई है। हूतियों ने इजरायल पर हमला किया है। यमन से बैलिस्टिक मिसाइल हमले के कारण दक्षिणी इजरायल के बीरशेबा और आस-पास के कस्बों में सायरन बज उठे। टाइम्स ऑफ इजरायल की रिपोर्ट के मुताबिक, यह मौजूदा युद्ध में ईरान समर्थित हूतियों द्वारा इजरायल पर किया गया पहला हमला है।

## पाक अब भी आतंकियों का गढ़, भारत के खिलाफ साजिश रच रहे कई संगठन

**नई दिल्ली, एजेंसी**



इस हफ्ते जारी एक कांग्रेस की रिपोर्ट में कहा गया है कि सालों तक चले सैन्य अभियानों और नीतिगत उपायों के बावजूद आतंकवादी समूह पाकिस्तान से अपनी गतिविधियां जारी रखे हुए हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है, ₹अमेरिका और संयुक्त राष्ट्र द्वारा नामित उन कई आतंकवादी समूहों को हराने के प्रयास विफल रहे हैं, जो अभी भी पाकिस्तानी धरती से अपनी गतिविधियां चला रहे हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि ये समूह पांच मुख्य श्रेणियों में आते हैं- वैश्विक स्तर पर सक्रिय, अफगानिस्तान-केंद्रित, भारत और कश्मीर-केंद्रित, घरेलू मामलों पर केंद्रित, और सांप्रदायिक संगठन।

सीआरएस अमेरिकी कांग्रेस की एक स्वतंत्र शोध शाखा है, जो कांग्रेस के सदस्यों को सोच-समझकर फैसले लेने में मदद करने के लिए अलग-अलग मुद्दों पर समय-समय पर रिपोर्ट तैयार करती है। इसकी रिपोर्टों को कांग्रेस का आधिकारिक रुख नहीं माना जाता है। पाकिस्तान पर सीआरएस की रिपोर्ट में बताया गया है कि सूची में शामिल 15 समूहों में से 12 को अमेरिकी कानून के तहत 'विदेशी आतंकवादी संगठन' घोषित किया गया है और इनमें से ज्यादातर इस्लामी चरमपंथी विचारधारा से प्रेरित हैं। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि पाकिस्तान इस समय आतंकवाद से सबसे ज्यादा प्रभावित देश है जो 2021 में अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता में लौटने के बाद उग्रवाद के फिर से उभरने को दर्शाता है। वैश्विक स्तर पर सक्रिय समूहों में, अल-कायदा इस क्षेत्र में अभी भी सक्रिय है। हालांकि इसका मुख्य ढांचा काफी कमजोर हो चुका है और यह अन्य उग्रवादी संगठनों के साथ गठबंधन बनाए हुए है।

## जेनजी प्रोटेस्ट के दौरान लापरवाही बरतने का आरोप, इसमें 77 मौतें हुई थीं

# बालेन के प्रधानमंत्री बनते ही पूर्व पीएम ओली गिरफ्तार



प्रदर्शनकारियों ने 9 सितंबर को प्रधानमंत्री ओली के घर में आग लगा दी थी।

**काठमांडू, एजेंसी**

नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली और पूर्व गृह मंत्री रमेश लेखक को पुलिस ने शनिवार सुबह गिरफ्तार कर लिया। यह गिरफ्तारी पिछले साल हुए GEN-Z प्रोटेस्ट के मामले में हुई है।

यह कार्रवाई उस समय हुई, जब कल ही बालेन शाह ने नए प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ ली है। पुलिस के अनुसार, ओली को शनिवार सुबह भक्तपुर के गुंडु स्थित उनके घर से पकड़ा गया। वहीं, रमेश लेखक को सुबह करीब 5 बजे सूर्यविनायक से गिरफ्तार किया गया। यह कार्रवाई गृह मंत्रालय की शिकायत के बाद शुरू हुई जांच के आधार पर की गई है।



नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को आज सुबह भक्तपुर के गुंडु स्थित उनके घर से गिरफ्तार किया गया।

एक जांच आयोग ने सुझाव दिया था कि इन नेताओं पर लापरवाही का केस चलाया जाए। इस मामले में 10 साल तक की सजा हो सकती है। रिपोर्ट में कई बड़े अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की बात कही गई है। पिछले साल हुए इन प्रदर्शनों में 77 लोगों की मौत हो गई थी और अरबों की संपत्ति का नुकसान हुआ था। इस मामले की जांच एक आयोग ने की थी, जिसकी अगुआई पूर्व जज गौरी बहादुर कार्की ने की। आयोग ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि प्रदर्शन के दौरान हालात को संभालने में गंभीर लापरवाही हुई।

### ओली को मेडिकल जांच के बाद बटालियन में शिफ्ट किया जाएगा

ओली और रमेश लेखक को पुलिस जल्द ही आर्म्ड पुलिस फोर्स की महाराजगंज स्थित बटालियन नंबर-2 में शिफ्ट करेगी। दोनों नेताओं को गिरफ्तारी के बाद मेडिकल जांच के लिए अस्पताल ले जाया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि मेडिकल जांच पूरी होते ही दोनों को बटालियन में रखने की व्यवस्था कर ली गई है। यह कदम जारी कस्टडी प्रक्रिया के तहत उठाया जा रहा है।

अधिकारियों ने बताया कि महाराजगंज स्थित बटालियन नंबर-2 में दोनों नेताओं को रखने की पूरी तैयारी कर ली गई है। मेडिकल जांच के बाद उन्हें वहां शिफ्ट कर दिया जाएगा।

## इसे बनाने में 2 साल लगते हैं, जंग खिची तो स्टॉक खत्म होने की आशंका


# अमेरिका ने ईरान पर 850 टॉमहॉक मिसाइलें दागीं

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी**

ईरान के साथ युद्ध में अमेरिका ने बड़े पैमाने पर टॉमहॉक क्रूज मिसाइलों का इस्तेमाल किया। इसे अमेरिकी हथियारों के जखीरे का अहम हथियार माना जाता है।

वॉशिंगटन पोस्ट के मुताबिक चार हफ्तों में 850 से ज्यादा मिसाइलें दागी गईं। अनुमान है कि अमेरिकी नौसेना के पास लगभग 4,000 टॉमहॉक मिसाइलें थीं।

अगर यह सही है तो टॉमहॉक मिसाइलों का करीब एक चौथाई हिस्सा खत्म हो चुका है। रक्षा मंत्रालय के भीतर इसको लेकर चिंता बढ़ गई है। एक टॉमहॉक बनाने में करीब 2 साल लग सकते हैं। एक्सपर्ट्स के अनुसार कमी पूरी करने में कई साल लगेंगे। एक्सपर्ट्स के अनुमान के मुताबिक अमेरिका के पास फिलहाल 4000 के करीब टॉमहॉक मिसाइलें हैं। यूरोप, मिडिल ईस्ट और एशिया में बढ़ते खतरों के बीच अमेरिका और उसके सहयोगी देशों को टॉमहॉक मिसाइलों की बहुत जरूरत है। अमेरिका टॉमहॉक क्रूज मिसाइलों का उत्पादन बहुत सीमित मात्रा में करता है। मौजूदा क्षमता के मुताबिक एक साल में करीब 600 टॉमहॉक मिसाइलें बनाई जा सकती हैं।



अमेरिकी नौसेना के गाइडेड मिसाइल डेस्ट्रॉयर USS स्प्रूएंस ने 28 फरवरी को ईरान के खिलाफ शुरू हुए सैन्य अभियान के दौरान टॉमहॉक क्रूज मिसाइल दागी

अगर युद्ध लंबा चला, तो अमेरिका के पास अपने उपयोग के लिए भी टॉमहॉक खत्म हो सकते हैं, सहयोगियों को देना मुश्किल होगा।



ईरान मिडिल ईस्ट में मौजूद वॉरशिप से ईरान के खिलाफ टॉमहॉक मिसाइलों का इस्तेमाल कर रहा है।

### अमेरिका के पास करीब 4000 टॉमहॉक मिसाइलें

टॉमहॉक अमेरिका की खास क्रूज मिसाइल है। यह 1,000 मील (1609 किमी) तक उड़कर 1,000 पाउंड (453 किलो) विस्फोटक सटीक निशाने पर गिरा सकती है। इसके एडवांस वर्जन की रेंज 2500 किमी है। टॉमहॉक का बड़े पैमाने पर पहला इस्तेमाल 1991 के खाड़ी युद्ध में हुआ। अमेरिका ने इराक पर दूर से सैकड़ों मिसाइलें दागीं। इसे रिमोट वार कहा गया, क्योंकि पहली बार इतनी सटीक और लंबी दूरी की क्रूज मिसाइलें इस्तेमाल हुईं।

टॉमहॉक को समुद्र में मौजूद युद्धपोतों और पनडुब्बियों से भी दागा जा सकता है, जिससे दुश्मन के इलाके में घुसे बिना हमला संभव हो जाता है। अमेरिका बीते एक महीने से ईरान पर हमले कर रहा है। यह पूरी तरह 'स्टैंड-ऑफ स्ट्राइक' है। यानी हमला इतनी दूर से किया गया कि अमेरिकी सैनिकों को जमीन पर उतरने की जरूरत नहीं पड़ रही है।

## आईफोन-15 और 16 जैसे पुराने मॉडल्स 5,000 तक महंगे होंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत में अब पुराने आईफोन खरीदने पर ग्राहकों को ज्यादा पैसे चुकाने पड़ सकते हैं। एपल ने आईफोन 15 और 16 जैसे पुराने मॉडल्स पर रिटेलर्स को डिमांड जनरेशन (DG) सपोर्ट यानी इंसेंटिव देना बंद करने का फैसला किया, जिससे कीमतें करीब 5,000 रुपए तक बढ़ सकती हैं।

मनीकंट्रोल के मार्केट एक्सपर्ट्स के अनुसार, यह फैसला इसी हफ्ते लागू हो सकता है। हाल ही में कैशबैक ऑफर्स 6,000 से घटाकर 1,000 रुपए किए गए थे, जिससे आईफोन 17 सीरीज महंगी हुई और अब पुराने मॉडल्स की कीमतें भी बढ़ जाएंगी।

मार्केट सोर्सेज के मुताबिक, डिमांड जनरेशन यानी DG सपोर्ट एक इंसेंटिव है जो ब्रांड्स रिटेलर्स और चैनल पार्टनर्स को देते हैं, जिससे वे ग्राहकों को डिस्काउंट देकर डिमांड बढ़ाते हैं।

MRP बदले बिना भी इस सपोर्ट से फोन सस्ते मिलते थे। अब सपोर्ट बंद होने से रिटेलर्स पहले जैसा डिस्काउंट नहीं दे पाएंगे और ग्राहकों का फाइनल बिल बढ़ेगा।



एपल ने इंसेंटिव देना बंद किया, रिटेलर्स ग्राहकों से वसूलेंगे यह कीमत

सूत्रों के मुताबिक, DG सपोर्ट हटाना केवल पुराने मॉडल्स के लिए है और आईफोन 17 लाइनअप की कीमतों में कोई बदलाव नहीं होगा।

जानकारों के अनुसार, एपल ने अपनी फ्लैगशिप सीरीज की MRP नहीं बढ़ाई, जबकि अन्य कंपनियों ने कीमतें बढ़ाई हैं। एपल ही नहीं सैमसंग, ओप्पो, वीवो, रियलमी, शाओमी, मोटोरोला और नथिंग जैसे ब्रांड्स ने नवंबर से कीमतें बढ़ाई हैं।

**फैसला :** 1 अप्रैल से लागू ■ भारत पर कम, चीन-तुर्किये और ब्राजील पर ज्यादा असर

# रूस ने 4 महीने के लिए पेट्रोल निर्यात रोका

**मॉस्को, एजेंसी**

रूस ने 1 अप्रैल से 31 जुलाई तक पेट्रोल निर्यात पर रोक का फैसला किया है। उप-प्रधानमंत्री अलेक्जेंडर नोवाक ने ऊर्जा मंत्रालय से इस प्रस्ताव को तैयार करने को कहा। रूस के मुताबिक यह कदम घरेलू सप्लाई बनाए रखने और कीमतें नियंत्रित रखने के लिए है।

नोवाक ने कहा कि मिडिल ईस्ट में चल रहे इजराइल-ईरान जंग की वजह से ग्लोबल तेल और पेट्रोलियम प्रोडक्शन बाजार में अस्थिरता बढ़ी है। इससे कीमतों में उतार-चढ़ाव हो रहा है। रूस रोजाना 1.2 से 1.7 लाख बैरल पेट्रोल निर्यात करता है।

इस फैसले से चीन, तुर्किये, ब्राजील, अफ्रीका और सिंगापुर प्रभावित हो सकते हैं। ये देश रूसी तेल उत्पादों के बड़े खरीदार हैं। भारत पर असर कम होगा क्योंकि वह पेट्रोल नहीं, कच्चा तेल खरीदता है।




रूस पहले भी कीमत नियंत्रण और घरेलू सप्लाई के लिए पेट्रोल-डीजल निर्यात पर रोक लगा चुका है। पिछले साल भी ऐसा हुआ था, जब यूक्रेन हमलों से रिफाइनरियां प्रभावित हुई थीं। इंडस्ट्री के आंकड़ों के मुताबिक, रूस ने पिछले साल करीब 50 लाख मीट्रिक टन पेट्रोल एक्सपोर्ट किया था, यानी हर दिन लगभग 1.17 लाख बैरल के बराबर है। एक दिन पहले ही नोवाक ने कहा था कि जरूरत पड़ी तो रूस फिर से तेल निर्यात पर रोक लगा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि रूस का यूराल्स तेल और दूसरे तेल उत्पाद इन दिनों ब्रेंट क्रूड के बराबर या उससे भी महंगे दाम पर बिक रहे हैं। एक्सपर्ट्स का मानना है कि भारत सीधेतौर पर पेट्रोल जैसे तैयार ईंधन पर ज्यादा निर्भर नहीं है, बल्कि कच्चे तेल (क्रूड ऑयल) पर निर्भर है। क्रूड ऑयल को ही रिफाइन कर पेट्रोल और डीजल बनाए जाते हैं। भारत अपनी जरूरत का करीब 80% कच्चा तेल आयात करता है, जिसमें से लगभग 20% रूस से आता है।

### पहले भी पेट्रोल एक्सपोर्ट पर रोक लगाई गई थी

मॉस्को में शुक्रवार को पेट्रोल एक्सपोर्ट के बैन को लेकर बैठक हुई थी। इसमें खासतौर पर यह जोर दिया गया कि राष्ट्रपति पुतिन ईंधन कीमतें नियंत्रित रखना चाहते हैं।

मंत्री नोवाक ने बैठक में कहा कि पेट्रोल-डीजल का पर्याप्त स्टॉक है और रिफाइनरियां पूरी क्षमता से काम कर रही हैं। तेल कंपनियों ने कहा कि पेट्रोल-डीजल का पर्याप्त स्टॉक है और रिफाइनरियां पूरी या उससे अधिक क्षमता पर काम कर रही हैं, जिससे जरूरत पूरी हो रही है।



रूस के उप प्रधानमंत्री अलेक्जेंडर नोवाक ने शुक्रवार को देश में पेट्रोल और दूसरे तेल उत्पादों की उपलब्धता और कीमतों की स्थिति की समीक्षा की।

## अबू धाबी में फटी ईरान की मिसाइल, मलबा गिरने से पांच भारतीय घायल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

शनिवार को यूएई में अबू धाबी के खलीफा इकोनॉमिक जोन (KEZAD) के पास एक बैलिस्टिक मिसाइल को रोके जाने के बाद गिरे मलबे से पांच भारतीय नागरिक घायल हो गए।

अबू धाबी मीडिया ऑफिस के अनुसार, यह घटना KEZAD के आस-पास तब हुई जब हवाई सुरक्षा प्रणालियों ने आने वाली मिसाइल को सफलतापूर्वक रोक लिया, जिसके कारण उस इलाके में मलबा गिर गया। अधिकारियों ने पुष्टि की कि इस घटना के बाद पांच लोग घायल हुए, जिन्हें मामूली चोटें आई हैं।

बयान में कहा गया, ₹खलीफा इकोनॉमिक जोन अबू धाबी (KEZAD) के आस-पास पहले बताई गई घटना के संबंध में चल रही जांच के तहत, जो हवाई सुरक्षा प्रणालियों द्वारा एक बैलिस्टिक मिसाइल को सफलतापूर्वक रोके जाने के बाद गिरे मलबे के कारण हुई थी। अधिकारी पुष्टि करते हैं कि इस घटना के परिणामस्वरूप भारतीय नागरिकता वाले पांच लोगों को मामूली से लेकर मध्यम दर्जे की चोटें आई हैं।



- अबू धाबी में बैलिस्टिक मिसाइल को सफलतापूर्वक रोका गया।
- मिसाइल के मलबे से पांच भारतीय नागरिक घायल हुए।
- घायलों को मामूली से मध्यम चोटें आई हैं।

अधिकारियों ने जनता से आग्रह किया कि वे केवल सत्यापित जानकारी पर ही भरोसा करें और अफवाहें फैलाने से बचें।

तमसा संकेत
tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड-224122) से प्रकाशित

सम्पादक : विद्यादेवी

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकाशित लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।
मो0- 9415799533
R.N.I. NO. 64107/96